रांची, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-8 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 48 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ अर्बन ग्रीन स्पेस

पैपराजी के साथ रुड होने पर काजोल ने तोड़ी चुप्पी, कहा मुझे गुस्सा आता है ◂◂ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternatioanlschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373

SCHOOL NO.: 66578

Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES

Sports
Swimming Pool
Cricket Ground
Yoga Classes
Assembly Ground
Dance & Music
Hostel with Canteen
Sports Academy


# चडरी तालाब से मिला सरला बिरला स्कूल के छात्र का शव,जांच में जुटी पुलिस



**मेट्रो रेज**

**रांची :** कोतवाली थाना क्षेत्र के चडरी तालाब से शुक्रवार की सुबह सरला बिरला स्कूल के छात्र का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्र की मौत नशे की हालत में पानी में डूबने से हुई है या फिर हत्या कर उसके शव को पानी में फेंका गया है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

## सरायकेला : जमीन कारोबारी की घर में गोली मारकर हत्या



**आदित्यपुर :** सरायकेला थाना क्षेत्र के चंद्रपुर गांव में गुरुवार की रात अपराधियों ने जमीन कारोबारी जावेद अख्तर की गोली मारकर हत्या कर दी। गुरुवार की रात मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मियों ने जावेद को उसके घर के पास गोली मारी है। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत टीएमएच जमशेदपुर ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामले की छानबीन की। घटनास्थल से दो खोखा भी बरामद हुए हैं। पुलिस मामले की छानबीन जुटी हुई है।

भारत- न्यूजीलैंड टेस्ट मैच

## दूसरे टेस्ट में भी भारत औंधे मुंह, 156 रन पर ऑल आउट

### 36 पर न्यूजीलैंड को पहला झटका, कोनवे आउट, सुंदर को सफलता




**पुणेः** पुणे टेस्ट में भारत ने पहली पारी में 156 रन बनाया है। भारत ने शुक्रवार को एक के बाद एक कर-के 5 विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल 30-30 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि चेज मास्टर विराट कोहली एक रन बनाकर चलते बने। इसके बाद ऋषभ पंत भी कोई खास कमाल नहीं कर सके और 18 रन पर पैवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद सरफराज खान बल्लेबाजी करने आए और उम्मीद भी कि वह बंगलुरु जैसी पारी खेलेंगे, लेकिन वह भी सैंटनर को विकेट दे बैठे। फिर क्रीज पर पहुंचे आर अश्विन भी सैंटनर को विकेट दे बैठे।

न्यूजीलैंड की ओर से सेंटनर और फिलिप्स ने 2-2 विकेट चटकाए हैं, जबकि गुरुवार को पहले दिन टिम साउदी ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आउट किया था। इससे पहले गुरवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की पूरी टीम पहली पारी में 259 के स्कोर पल ऑलआउट हो गई है। भारत की ओर से स्पिन गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर सात विकेट लिए। वहीं आर अश्विन ने 24 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड 76 के स्कोर अपने दो विकेट गवां चुकी थी। आठवें ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद उन्होंने 24वें ओवर में विल यंग (18) को अपना शिकार बनाया। डेवन कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने भोजनकाल के बाद धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर में 50 रन और जोड़े। 44वें ओवर में आर अश्विन ने डेवन कॉन्वे को (76) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा।

## अमरोहा में चलती स्कूल बस पर फायरिंग, हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी मारे, 30-35 बच्चे थे सवार




**अमरोहा :**उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक स्कूल बस (रूँङ्क्ष्ङ्क' ु४२ पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन बस पर हुई फायरिंग के चलते बच्चे बेहद डरे हुए हैं। बच्चों के अभिवावकों के लिए भी यह चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने बस में दो राउंड फायरिंग की। वह ड्राइवर को निशाना बनाना चाहते थे। आरोपियों ने बस में ईंट-पत्थर भी फेंके। हालांकि, वह अपने मनसूबों में सफल नहीं हुए और बच्चों के साथ-साथ ड्राइवर भी पूरी तरह सुरक्षित है।

अमरोहा में स्कूल बस सुबह बच्चों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान नगला ठाकुरद्वारा रोड पर बाइक सवारों ने बीच रास्ते में ही बस रोक ली। बदमाशों ने अपना चेहरा ढंका हुआ था। बस रोकने के बाद बदमाशों ने हमला कर दिया। इसके बाद एक किलोमीटर तक बस का पीछा भी किया और दो बार फायर किया। घटना के समय बस में बच्चे 30-35 भी सवार थे, लेकिन सभी लोग सुरक्षित बच गए। यह बस एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की बताई जा रही है, जिसके संचालक बीजेपी नेता हैं।

पुलिस स्कूली वैन की जांच में जुटी है और ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और हर पहलू जांच की जा रही है। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है और स्कूल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इधर, भाजपा नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने घटना की निंदा की है और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच जारी है।

## तिरुपति के कई होटलों को मिली बम की धमकी, ईमेल में ड्रग माफिया जाफर सादिक का जिक्र, मचा हड़कंप




**तिरुपतिः** फ्लाइट्स और स्कूल-कॉलेजों के बाद अब होटलों को बम की धमकी मिली है। तिरुपति के कई होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। इन ईमेल में कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक के नाम का जिक्र है, जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने गिरफ्तार किया था। धमकियों के जवाब में, पुलिसकर्मियों गहन तलाशी ली, जिससे यह पता चला की यह धमकी एक अफवाह थी। पुलिस अब इन धमकियों के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। तिरुपति में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आते हैं इसलिए यहां का होटल बिजनेस काफी अच्छा है।

तिरुपति के लीलामहल, कपिलतीर्थम और अलीपिरी के पास तीन निजी होटलों को ईमेल के जरिए धमकियां मिली थीं। ईमेल में कथित तौर पर ड्रग माफिया जाफर सादिक का भी नाम लिया गया है। बता दें एक दिन पहले ही 85 विमानों को उड़ाने की धमकी मिली थी। इनमें एअर इंडिया के 20 विमान शामिल थे। जिन विमानों को धमकी मिली थी, उनमें 20 इंडिगो, 20 विस्तारा और 25 अकासा की उड़ानें शामिल थीं।

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल की विभिन्न टीमें उड़ानों पर जारी खतरों को लेकर एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। एक हफ्ते से भी कम समय में 170 से अधिक उड़ानों को बम की धमकी मिली है। इस बीच, सरकार एयरलाइनों को बम की धमकियों से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डालना भी शामिल है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव 2024: बालू कारोबारी सुभाष यादव को हाईकोर्ट से झटका, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव




**पटनाः** पटना हाई कोर्ट ने जेल में बंद बालू कारोबारी सुभाष प्रसाद यादव को कोडरमा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दिए गए 22 अक्टूबर को पारित आदेश को वापस ले लिया। न्यायाधीश अरविंद सिंह चंदेल की एकलपीठ ने गुरुवार को सुभाष प्रसाद यादव की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हैरानी जताई कि ईडी को बगैर पक्षकार बनाए ही याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि दिनांक 22.10.2024 का आदेश आवश्यक पक्ष अर्थात ईडी को सुने बिना पारित किया गया है, इसलिए आदेश वापस लिया जाता है।उल्लेखनीय है कि सुभाष कोडरमा में राजद के घोषित प्रत्याशी हैं। कोर्ट ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश की अनुमति से किसी अन्य कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर को कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कोडरमा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने हेतु नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश करने का आदेश पुलिस प्रशासन को दिया था।

## शेयर बाजार में डूबे 7.7 लाख करोड़

**नई दिल्ली :** शेयर बाजार में गिरावट का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा। आज शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 750 से ज्यादा टूटकर 79,300 के करीब पहुंच गया, जबकि निफ्टी 24,150 प्वाइंट्स के नीचे कारोबार कर रहा है।

कंपनियों का मार्केट कैप 7.7 लाख करोड़ रुपये घटकर 436.1 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इंडसइंड बैंक के शेयरों में कारोबार के दौरान करीब 20% तक गिरावट आई। इंडसइंड बैंक के अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी ऑटो, बैंक, मेटल, पीएसयू बैंक, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2% से 3.6% की गिरावट आई।

# बारामूला में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान, आतंकवादी हमले में दो सैनिक हुए शहीद



**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिला के बोटा पथरी इलाके में सेना के काफिले पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुआ व्यापक तलाश अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। इस हमले में दो सैनिक शहीद हो गए और सेना के साथ काम करने वाले दो नागरिक पोर्टरों की जान चली गई। हमले में तीन सैनिक घायल भी हुए हैं।

यह हमला गुलमर्ग के नागिन ढोक बोटा पथरी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के काफिले को निशाना बनाकर घात लगाकर किया गया था। शहीद सैनिकों की पहचान की अब तक पुष्टि नहीं की गई है। कुलियों की पहचान मुश्ताक अहमद और जहूर अहमद के रूप में की गई है, जो बारामूला जिले के बोनियार के निवासी थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने हमलावरों को पकड? के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया, जो अब भी जारी है। हमले में शामिल आतंकवादियों की तलाश के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त बल भी तैनात किए गए है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र को सुरक्षित करने का अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हमले में घायल तीन सैनिकों को इलाज के लिए तुरंत बाहर निकाला गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में हाल के हमलों की एक श्रृंखला के बाद सुरक्षा की समीक्षा के लिए एकीकृत मुख्यालय (यूएचक्यू) की बैठक की अध्यक्षता की। इसमे शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी शामिल हुए। बैठक के कुछ ही घंटों बाद यह हमला हुआ। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात बताया कि श्री सिन्हा ने सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से बात की और उन्हें आतंकवादियों को मार गिराने के लिए त्वरित और उचित प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया। उन्होंने बारामूला के उपायुक्त को मारे गए नागरिक पोर्टरों के परिवारों को हर संभव सहायता देने का भी निर्देश दिया।

## गुलमर्ग में सेना के वाहन पर आतंकी हमला तीन जवान शहीद, एक पोर्टर की भी मौत

- पुलवामा में आतंकियों ने एक और बाहरी मजदूर को मारी गोली
- गनबाग इलाके में मिला बंगाल निवासी का शव

**श्रीनगरः** उत्तरी कश्मीर में उड़ी सेक्टर के अंतर्गत गुलमर्ग में आतंकियों ने 18 राष्ट्रीय रायफल्स के वाहन पर हमला कर दिया। हमले में सात जवान घायल हुए, जिनमें से तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हमले में एक पोर्टर (कुली) की भी मौत हुई है। घटना के बाद से सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च ऑपरेशन चलाया है। इससे पहले गुरुवार सुबह ही पुलवामा के बटगुंड में आंतकवादियों ने एक और बाहरी मजदूर पर गोलीबारी की थी, जिसमें वह घायल हुआ था। घायल शुभम कुमार यूपी का रहने वाला है। उसका अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, गुरुवार सुबह ही श्रीनगर में गनबाग इलाके में एक गैर कश्मीरी युवक का शव मिला। मृतक पश्चिम बंगाल का रहने वाला एमडी जाहुद था।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएमपीडीआई के सीएमडी व कोयला मंत्रालय के निदेशक ने किया मूर्ति का अवलोकन




**रांची:** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं कोयला मंत्रालय के निदेशक अजितेश कुमार ने विशेष अभियान 4.0 के हिस्से के रूप में वेस्ट टू आर्ट थीम के तहत मुख्यालय-रांची परिसर में स्वच्छताः एक कदम स्वच्छता की ओर मूर्तिकला का अवलोकन किया। मूर्ति में गांधी जी को स्वच्छ भारत लोगो (चश्मा) के अलावा झाड़ू पकड़े हुए दशार्या गया है। यह मूर्ति उनके स्वच्छता के शाश्वत संदेश और स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसके माध्यम से सीएमपीडीआई स्वच्छता के महत्व और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति प्रत्येक नागरिक की सामूहित जिम्मेदारी के बारे में एक शक्तिशाली संदेश प्रदान करता है। अजितेश कुमार ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक पेड़ मां के नाम पहल के हिस्से के रूप में पौधरोपण भी किया और विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत बनाए गए पार्किंग शेड का दौरा किया।

अजितेश ने हाल ही में उद्घाटित 3 गुणा 5 किलोवाट क्षमता वाले सौर वृक्ष (सोलर ट्री), बैडमिंटन कोर्ट, सीएमपीडीआई में विशेष अभियान 4.0 स्वच्छता स्थलों और अत्याधुनिक कोल इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर नेशनल सेंटर फॉर कोल एंड एनर्जी रिसर्च (नासेर-ठंउउएफ) का भी दौरा किया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एसएंडटी) एके मिश्रा ने संक्षेप में के उद्देश्यों के बताया कि किस प्रकार नासेर अत्याधुनिक अनुसंधान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से देश की ऊर्जा मांग को स्थायी रूप से पूरा करने के लिए कोयला और ऊर्जा क्षेत्र के डोमेन में अनुसंधान करेगा। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष तथा अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### हिंडाल्को सीएसआर ने बांटा टेबलडेस्क



**मुरीः** हिंडाल्को कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर छाताटांड़ , सिल्ली में पढ़ाई से संबंधित अस्सी टेबलडेस्क का वितरण कंपनी के अधिकारियों द्वारा किया गया। इससे पहले बच्चों के साथ कंपनी एचआर हेड अरुण राय एवं सीएसआर विभाग के अनिल सिंह ने मंत्र उच्चारण कर यज्ञ में शामिल हुए। इसके पश्चात शिक्षकों संग अधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस बेहतर सोच के लिए राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने कंपनी के प्रति एवं अधिकारियों के प्रति इस सफल प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। कंपनी के अरुण राय ने बच्चों एवं शिक्षक गणों से परिचय प्राप्त किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं भी की। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परमेश्वर कोइरी, विवेक गोराई, सुषमा देवी, अंजू देवी समेत बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

### सिल्ली में अन्तर्राज्य पुलिस पदाधिकारियों की बैठक



**मुरीः** सिल्ली थाना अंतर्गत रामडेरा स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाऊस में डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु अन्तर्राज्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई । जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झालदा प बंगाल , अंचल निरीक्षक गोला , थाना प्रभारी झालदा प बंगाल , थाना प्रभारी तुलिन प बंगाल , थाना प्रभारी मुरी ओपी, थाना प्रभारी सोनाहातू, थाना प्रभारी बारलांगा, थाना प्रभारी सिल्ली आदि शामिल हुए । बैठक में मुख्य रूप से अपराधियों / चेकनाका / अवैध शराब / अवैध हथियार जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि मुरी झारखंड -बंगाल की सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चेकिंग अभियान में भारी रकम एवं अबैध गांजा बरामद किया गया।

### 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**मुरी :** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया । राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 64 महिलाओं ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया । रुडसेट संस्थान के निर्देशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपना स्वयं का बकरी फार्म लगाए । जिससे आप ज्यादा आय कर अपने परिवार को सहयोग कर सकते हैं । संस्थान का उद्देश्य है आप सभी को आत्म निर्भर बनाना और हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी अपने जीवन को आत्म निर्भर बनायेंगे । आत्मविश्वास के साथ कार्य करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा व अन्यउपस्थित रहे । उक्त जानकारी रूडसेट संस्थान सिल्ली की ओर से दी गई ।

## झामुमो ने जारी की उम्मीदवारों की एक और सूची

# चंपई सोरेन को चक्रव्यूह में उलझाने की रणनीति

# बीजेपी के बागी को जेएमएम ने चुनावी मैदान में उतारा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गुरुवार को सरायकेला और खूंटी सीटों से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार, इसने सरायकेला सीट के लिए गणेश महली को मैदान में उतारा है, जबकि रामसूर्या मुंडा को खूंटी सीट के लिए जेएमएम उम्मीदवार घोषित किया गया है। सरायकेला सीट पर भाजपा-झामुमो के बीच मुकाबला दिलचस्प होगा, क्योंकि भाजपा उम्मीदवार चंपई सोरेन जो हाल ही में झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं और झामुमो उम्मीदवार गणेश महाली जो हाल ही में भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं जीत के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं।

गौरतलब है कि गणेश महाली ने हाल ही में टिकट न मिलने के बाद भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को 25 साल की सेवा देने के बावजूद अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। चंपई सोरेन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में हाल ही में शामिल हुए लोग अब महत्वपूर्ण निर्णयों को नियंत्रित कर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें पार्टी से नाता तोड़ना पड़ा। गौरतलब है कि गुरुवार की सूची के साथ ही जेएमएम ने अब तक राज्य में 40 से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, यानी कुल 81 सीटों पर। पार्टी राज्य में कांग्रेस, आरजेडी और



लेफ्ट के साथ गठबंधन में है। चुनाव दो चरणों में 13 नवंबर और 20 नवंबर को होंगे, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। 35 उम्मीदवारों की पहली सूची में सत्तारूढ़ पार्टी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बरहेट विधानसभा क्षेत्र से और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय सीट से मैदान में उतारा है। हेमंत सोरेन साहिबगंज जिले के बरहेट (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। इसके अलावा, पहली उम्मीदवार सूची में राजमहल सीट से एमटी राजा, बोरियो से धनंजय सोरेन, दुमका से बसंत सोरेन, लातेहार से बैधनाथ राम, जमुआ सीट से केदार हाजरा, मधुपुर से हफीजुल हसन और दमुरी से बेबी देवी के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा, अपनी दूसरी सूची में पार्टी ने रांची से महुआ माजी को उम्मीदवार बनाया है। और आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए जारी की गई पांच उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची में पार्टी ने बिशुनपुर और चक्रधरपुर सीटों से मौजूदा विधायक चमरा लिंडा और सुखराम उरांव को टिकट दिया है।

## जेसोवा दिवाली मेलाः श्रृंगार से परिधान तक, सब कुछ आकर्षक



मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः मोरहाबादी मैदान में पांच दिवसीय जेसोवा दिवाली 2024 मेला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के दूसरे दिन खराब मौसम को चुनौती देते हुए रांची एवं आसपास से लोग मेले में पहुंचे और जमकर खरीदारी की। ट्रेडिशनल ज्वैलरी, खादी के कपड़े, कश्मीरी पश्मीना खूब डिमांड में है। स्टाइलिश फैशन के साथ-साथ होम डेकोर के प्रोडक्ट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मेला घूमने आई प्राची ने बताया कि दिवाली मेले में आकर को वो बहुत खुश है। यहां घर सजाने से लेकर कपड़े सब कुछ मिल रहे हैं। कश्मीर, मैसूर सहित देश विदेश के प्रोडक्ट के प्रति लोगों का रुझान देखा गया। साथ ही हैंडलूम प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट के उत्पादों के प्रति लोगों ने विशेष उत्सुकता दिखाई दी।

खादी और झारक्राफ्ट स्टॉल पर भीड़ः स्वदेशी प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में झारक्राफ्ट और खादी के उत्पादों के स्टॉल पर ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गयी। अफगानी ड्रायफ्रूट के स्टॉल पर तरह-तरह के स्वास्थ्यवर्धक ड्राई फ्रूट मिल रहे हैं। दिवाली मेले में सबसे ज्यादा भीड़ फूड कोर्ट में रही। फूड कोर्ट में करीब अनेक प्रकार के व्यंजन उचित दाम पर परोसे जा रहे हैं। कोर्ट में भोला लिट्टी, आइसक्रीम स्टॉल, चाइनीज फूड और विभिन्न तरह के हेल्थी जूस के स्टॉल लगाए गए हैं।

## पलामू जिले में नक्सलियों एवं सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** पलामू में बृहस्पतिवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रीशमा रमेशन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने छतरपुर थाना क्षेत्र में तरवाडीह के निकट जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों को आते देख प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के नक्सलियों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और फिर उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। रमेशन ने बताया कि मुठभेड़ करीब



आधे घंटे तक जारी रही, जिसके बाद नक्सली घने जंगल में भागने में सफल रहे। उनके अनुसार इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के प्रभावित इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है।

### बीकेएस तिवारी गिरोह का सक्रिय सदस्य बुढ़मू से गिरफ्तार

**रांची :** लेवी के लिए हाइवा में आगजनी व गोलीबारी करने वाले बीकेएस तिवारी गिरोह के सक्रिय सदस्य अर्जुन मुंडा उर्फ डॉन को पुलिस ने बुढ़मू से गिरफ्तार किया है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुढ़मू थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नक्सली संगठन बेकेएस तिवारी के सरगना रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी ग्रुप के सक्रिय सदस्य अर्जुन मुंडा उर्फ डॉन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि अर्जुन मुंडा उर्फ डॉन बुढ़मू थाना क्षेत्र के कोठा गांव आया हुआ है। इसके बाद डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर कोठा गांव में छापेमारी कर उसे दबोच लिया गया। हाल ही रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी ने टीएसपीसी से अलग होकर बीकेएस तिवारी ग्रुप बनाया था।

## रामगढ़ पुलिस ने 46 लाख का चांदी किया बरामद

**रामगढ़ः** पुलिस ने 46 लाख रूपया के चांदी को बरामद किया है। विधानसभा चुनाव को लेकर टोल प्लाजा के समीप बनखेता के पास स्थित चेक पोस्ट पर पुलिस ने एक कार से 46 लाख रुपये के 11 पैकेट में बंद चांदी को जब्त किया। ये कार्रवाई एसपी अजय कुमार के निर्देश पर किया गया। पूरे मामले की जांच सेल टैक्स और इनकम टैक्स की टीम को सौंप दी है। कार और 11 पैकेट चांदी को रामगढ़ थाना में सुरक्षित रखा गया है। दोनों विभाग से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। बता दें कि चुनाव आचार संहिता को लेकर पूरे जिले में 6 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जिला में प्रवेश करने वाली सभी गाड़ियों की जांच की जा रही है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के ओरमांझी टोल प्लाजा के पास बनखेता में बने एसएसटी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान टीम ने एक कार में डिब्बों में पैक चांदी को जब्त कर इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद पूरे मामले की जांच के लिए जीएसटी और इनकम टैक्स टीम को जो कागजात उपलब्ध कराए गए हैं, उन कागजात की जांच की जा रही है।

## सरायकेला बाजार में चला खाद्य पदार्थ की शुद्धता जांच अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला :** आगामी त्योहारों को देखते हुए सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भोजन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस निमित्त जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह ने सरायकेला बाजार में स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। दुग्ध उत्पाद का नमूना जांच के लिए रांची भेजाः अदिति सिंह ने सिद्धेश स्वीट वर्कशाप का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं दुग्ध उत्पाद, कलाकंद, अजमेर कलाकंद का नमूना सील कर रासायनिक जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, रांची भेज दिया। इस क्रम में सरायकेला बजार स्थित दर्पण रेस्टोरेंट, बासंती मिष्ठान्न भंडार, जितना भाई फास्ट फूड, अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट की भी



जांच की गई। साफ पानी का उपयोग करने का निर्देशः इस दौरान खाना बनाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों की स्वच्छता पर ध्यान देने, एफएसएसएआई मानक वाले खाद्य पदार्थ का प्रयोग करने, उचित लेबलिंग के साथ खाद्य सामग्री की पैकिंग करने, सिंथेटिक कलर का प्रयोग न करने और रंगों के अनावश्यक इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया।

### आरयू में मनाई गई डॉ करमा उरांव की जयंती

**रांचीः** आदिवासी समाज के अगुवा सह रांची विश्वविद्यालय के पूर्व मानव विज्ञान विभागध्यक्ष स्व डॉ करमा उरांव की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के जनजातीय विभाग के कुड़ूख विभाग में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करमा उरांव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर मनय मुंडा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व करमा उरांव पर शोध करने की जरूरत है। क्योंकि वे आदिवासी समाज के ज्वलंत मुद्दों पर सेमिनार में बोलते थे।

## कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024, 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक दरभंगा हाउस, सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर, राँची में आयोजित होगी। इस वार्षिक सम्मेलन का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएं वर्तमान और भविष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम आज के एक प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप और उटर मीट के साथ प्रारंभ होगा।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 15 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता शामिल होंगे, जो चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में हालिया प्रगति और भविष्य की चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियों के लगभग 300 डॉक्टर हिस्सा लेंगे, जिससे उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और उन्नत तकनीकों से अवगत होने का अवसर मिलेगा।विशेष आकर्षण के रूप में, देश के चार प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर अपने गहन अनुभव और योगदान को साझा करेंगेः

1. पद्म भूषण डॉ। एसके। सरीन - निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज (आईएलबीएस), नई दिल्ली।
डॉ सरीन हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेष रूप से लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस बी और सी और लिवर ट्रांसप्लांटेशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने भारत में लिवर केयर को उन्नत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

2. पद्मश्री डॉ। एनके। पांडे -









चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), फरीदाबाद।
डॉ पांडे भारत में न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी माने जाते हैं। उन्होंने भारत में लैप्रोस्कोपिक और एंडोस्कोपिक सर्जरी तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

3. पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया झ पूर्व निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), नई दिल्ली।
वर्तमान में मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन और रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन के चेयरमैन हैं। कोविड 19 महामारी के दौरान, डॉ। गुलेरिया एक प्रमुख सलाहकार थे और उन्होंने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

4. पद्मश्री डॉ जेएस टिटियाल - मुख्य, डॉ आरपी सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेज, एआईआईएमएस, नई दिल्ली।
डॉ टिटियाल ने मोतियाबिंद सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांटेशन और रिफ्रैक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

यह सम्मेलन कोल इंडिया के चिकित्सा समुदाय को एक साझा मंच पर लाकर ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा, जिससे हमारे डॉक्टरों की क्षमताओं का विकास होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

न्यूज ब्रीफ

## श्री राम भरत मिलाप समिति के पोस्टर का विमोचन




**रांची:** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा के तत्वावधान में 26 अक्टूबर संध्या 4 बजे से आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के निमित्त आज डोरंडा के गांधी मैदान स्थित कार्यालय में समिति के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के पश्चात श्रीराम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि श्रीराम भरत मिलाप समिति हर वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती है और और प्रतिभागियों के माध्यम से कला, कौशल का विकास करती है, उन्होंने कहा की शहर के विभिन्न स्थानों के प्रतिभागी समिति के कार्यक्रम में भाग लेती है। उन्होंने कहा की, वार्षिक उत्सव में अनेकों क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालो को सम्मानित किया जाएगा, उन्होंने कहा एक श्रीराम जी और भरत जी के पदचिन्हों में बनी यह संस्था शहर की सबसे पुरानी संस्था है। अध्यक्ष रोहित शारदा, महामंत्री अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, कोषाध्यक्ष कुमुद पांडे,प्रकाश बर्मन, विनय ठाकुर, प्रिंस पांडे, महेश विजय ,मीनू टांगी, प्रिया सिन्हा, संतोषी गुप्ता, जुगल दरगड, विवेक आर्य, जितेंद्र बरनवाल, अजय गोप, रवि कुमार, संतोष सिन्हा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## डाना के कारण सीएम का कार्यक्रम स्थगित



**रांची:** दाना चक्रवात के प्रभाव से झारखंड में चुनावी माहौल पर असर पड़ा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बोकारो के पेटरवार प्रखंड की ओरदाना पंचायत में चुनावी सभा करने का कार्यक्रम था। लेकिन खराब मौसम के कारण सभा स्थगित कर दी गई। चक्रवात के चलते मौसम बिगड़ने से हेलिकॉप्टर का परिचालन संभव नहीं हो पाया, जिसके कारण सीएम को जनसभा रद्द करनी पड़ी। यह जानकारी मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने दी।

## राज्यपाल से मिला ब्राह्मण महासभा



**रांची:** कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा झारखंड के संयोजक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक एक प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा । प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रदेश के महिला सेल के संयोजीका ललीता ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन पांडेय, सचिव अरविंद कुमार झा, एवं देवचरण पाण्डेय थे।

## वाहन चेकिंग के दौरान बोलेरो से 2.35 लाख बरामद

**बहरागोड़ा :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस और एसएसटी का संयुक्त जांच अभियान जारी है। इसके तहत शुक्रवार सुबह जांच टीम में शामिल मजिस्ट्रेट अभिजीत बेरा ने पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम निवासी प्रणव सीट की महिंद्र बोलोरो मैक्स (डब्लयूबी 36 7737) से दो लाख 35 हजार रुपए नकद जब्त किया है। पूछताछ करने पर कैश के संबंध में उन्होंने सही जानकारी और वैध दस्तावेज नहीं दिखाया। उन्होंने प्रशासन को बताया कि कि यह पैसा दुकान की ग्रॉसरी सामान लाने के लिए बहरागोड़ा जा रहे थे। इसके बाद प्रशासन की ओर से नियमानुसार रुपए जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए प्रवेश मार्गों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी वाहन को तलाशी के बाद ही सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने दिया जा रहा है।

### पूर्व सीएम चंपाई ने सरायकेला से भरा पर्चा, कहा-

# राज्य में भाजपा की बनेगी सरकार



मेट्रो रेज

**रांची:** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला सीट से नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता की तस्वीर को नमन किया। इसके बाद चंपाई सोरेन जिलिंगगोड़ा गांव गये और वहां जाहेरथान में माथा टेका। जाहेरथान और गोंसाडे में पूजा-अर्चना करने के बाद नामांकन दाखिल करने के लिए प्रस्थान किया। मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है। मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है। यह कोई बड़ी बात नहीं है। इस बार झारखंड में भाजपा ही सरकार बनायेगी। नामांकन के समय चंपाई के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह देव, आदित्यपुर नगर निगम के निवर्तमान मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री आप्त सचिव रहे गुरु प्रसाद महतो, पितोवास प्रधान मौजूद रहे।

### झारखंड विस चुनाव 2024

## सुदेश महतो ने सिल्ली से किया नामांकन पत्नी नेहा और हिमंता रहे मौजूद



रांची : आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने आज सिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। पर्चा भरने के दौरान सुदेश के साथ असम के सीएम सह भाजपा झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में हिमंता विश्व सरमा, सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो समेत एनडीए के कई नेता और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को बड़ा झटका

# सुप्रीम कोर्ट का चुनाव लड़ने पर रोक के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

**रांची/ दिल्ली :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पूरी तरह से पानी फिर गया है। उनकी याचिका सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सुनवाई हुई।

दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी मधु



कोड़ा की याचिकाः दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मधु कोड़ा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है। प्रथम दृष्टया यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है। बता दें कि निचली अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ए.के। बसु और मधु कोड़ा के सहयोगियों को कोयला घोटाले में दोषी ठहराया था। सभी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी और सजा के साथ आरोपी पर जुमार्ना भी लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले पर शुक्रवार को कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

## मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप रांची ने किया मैराथन का आयोजन, प्रिंस व आशा बने विजेता



**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव में स्वीप के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वीप रांची ने मैराथन का आयोजन किया। रन फॉर चेंज, वोट फॉर द फ्यूचर थीम से शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में बॉयज के लिए 7.5 किलोमीटर और गर्ल्स का 5 किलोमीटर का मैराथन का आयोजन किया गया। रांची डीसी वरुण रंजन, डीडीसी दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राज कुमार मेहता, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय समेत जिला प्रशासन और स्वीप के पदाधिकारियों ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं के बीच कुल 36 हजार नगद राशि दी गई। बॉयज में प्रिंस राज फर्स्ट, विकाश राय सेकंड और मनीष कुमार थर्ड रहे। वहीं गर्ल्स में आशा कुमारी फर्स्ट, पूजा सिंह सेकंड और ममता कुमारी थर्ड रही। फर्स्ट रहने वाले को 10 हजार, सेकंड को पांच हजार और थर्ड को तीन हजार पुरस्कार राशि दी गई।

## सिमडेगा से पंजाब जा रहा डोडा लोड ट्रेलर जब्त, एक गिरफ्तार

**रामगढ़:** विधानसभा चुनाव से पहले रामगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा लोड एक ट्रेलर को जब्त किया है। एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़-रांची हाइवे एक ट्रेलर डोडा लोड कर जा रहा है। सूचना मिलने के बाद एसपी ने पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा ट्रेलर को रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रेलर चालक पुलिस को देख कर वाहन को तेजी से रामगढ़ की ओर भगाने लगा, भागने के क्रम में चुटूपालू घाटी गण्डके मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जांच करने पर पाया गया कि लोड लोहा के ऊपर में कुछ भरी हुई बोरी रखी हुई है। बोरी को खोल कर जांच किया गया तो बोरी में सुखा हुआ डोडा पाया गया। चालक से नाम पता पूछने पर वह अपना नाम बालकरण सिंह, जिला-भटींडा पंजाब बताया।

# भाजपा को नहीं है गरीबों की चिंता : कल्पना



,4,बॉटम

**रांची/गिरिडीह:** भाजपा को झारखंड के गरीबों की चिंता नही है। भाजपा ने हमेशा गरीबों को कुचलने का काम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेजने वालों को जवाब देने का समय आ गया है। उक्त बातें गांडेय विधानसभा क्षेत्र की झामुमो प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन ने कही। वह पपरवाटांड़ में आयोजित झामुमो की जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

कल्पना ने कहा कि कोविड काल में हेमंत सरकार ने जनता के हित में कई कार्य किये। अबुआ आवास योजना व मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जरूरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश गरीब नहीं है, बल्कि केंद्र में बैठे लोग झारखंड को गरीब बनाना चाहते हैं। इस चुनाव में कई बहरूपिये आयेंगे। जाति-धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश करेंगे, लेकिन उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने झामुमो प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

जिले में भाजपा का सुपड़ा साफ करने का मौका : सुदिव्य

गिरिडीह विस क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जिले की छह विधानसभा सीटों से भाजपा का सूपड़ा साफ करने का मौका है। भाजपा ने झारखंडियों के नेतृत्व को हड़पने की साजिश की है। इसका मुंहतोड़ जवाब देना है।जमुआ विस क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी केदार हाजरा ने कहा कि हेमंत सरकार ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में विकास के कई कार्य हुए हैं।

**जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही भाजपा :** डॉ सरफराज

राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि भाजपा जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही है। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ षड्यंत्र रचकर जेल भेजा। जनता के आशीर्वाद से वह जेल से छूट गये। हेमंत सरकार की योजनाओं से जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से झामुमो प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शहनवाज अंसारी, सुमित कुमार, अनिल राम, हरगौरी साव छक्कू, तेजलाल मंडल, नूर अहमद अंसारी, सुमन सिन्हा आदि थे।




## पूर्व विधायक संजीव सिंह की बेल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांचीः** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। शुक्रवार को सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। संजीव सिंह पर धनबाद के पूर्व मेयर नीरज सिंह की हत्या का आरोप है। वह इस हत्याकांड में विचाराधीन बंदी हैं। उनकी पत्नी रागिनी सिंह झरिया सीट से इखढ की उम्मीदवार हैं।

## चुनाव में धन बल का प्रयोग रोकने के लिए चलाए जा रहे स्पेशल ड्राइव

**रांचीः** चुनाव में धनबल को रोकने के लिए राज्यभर में स्पेशल ड्राइव चलाए जा रहे हैं। अब तक 27 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और नकद भी जब्त किए जा चुके हैं। वहीं शुक्रवार को आयकर विभाग ने गिरिडीह में अपनी दबिश बढ़ाई। कई कारोबारियों के ठिकानों पर रेड किया। जानकारी के अनुसार, आर्यन इंडस्ट्रीज के ऑनर मिंटू वर्णवाल के न्यू बरगंडा आवास पर छापेमारी की गई। इसके अलावा शौलपुत्री स्टील फैक्ट्री के ऑनर राकेश वर्णवाल के आवास पर छापेमारी की गई। फिलहाल कागजातों की जांच जारी है।

### झारखंड के प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन अनंत सिन्हा का दीपावली पर लोगों को संदेश

# पटाखा छोड़ते समय बरतें विशेष सावधानी

■ दीपावली पर अनार की वजह से नब्बे प्रतिशत बर्न के मामले

**रांची:** झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन और देवकमल अस्पताल व देवनिका अस्पताल के संचालक/व्यवस्थापक डॉ. अनंत सिन्हा ने समस्त राज्यवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में दीपावली पर्व के अवसर पर झारखंडवासियों के लिए शांति और सुख, समृद्धि की कामना करते हुए पटाखा छोड़ते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

डॉ.सिन्हा ने कहा है कि दीपावली के अवसर पर लोग पटाखा छोड़ते समय लापरवाही बरतते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि अनार, फुलझड़ी, चकरी, रॉकेट



,आलूबम आदि पटाखे फोड़ते समय विशेष ध्यान रखें। पटाखा छोड़ने वाले स्थान के पास एक



बाल्टी पानी अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर 90 फीसदी दुर्घटनाएं अनार की वजह से होती है, क्योंकि अधिकतर लोग अनार (पटाखा) हाथ में ही लेकर फोड़ते हैं।

यदि पटाखा छोड़ते वक्त असावधानी से हाथ या शरीर का अन्य अंग जल जाय तो प्रभावित भाग को पानी में लगभग दस मिनट तक डुबोये रखें। तत्पश्चात अविलंब विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह लें।

चिकित्सक के परामर्श के बिना जले हुए भाग पर किसी तरह का मरहम या लेप आदि न लगाएं।

उन्होंने बताया कि देवकमल अस्पताल, बजरा (इटकी रोड), रांची व देवनिका अस्पताल, तुपुदाना (हटिया) में विशेष सुविधायुक्त अत्याधुनिक बर्न यूनिट में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –06 वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक: **04.11.2024** को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक:05.11.2024 को अपराह्ण 3.00बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: **05.11.2024** को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Structural work for the Construction of Strong room & Counting hall at Birsa College Khunti, Dist- Khunti on the eve of Jharkhand Legislative Assembly Election 2024. | 17,00,000.00 | 5,000.00 | 34,000.00 | 06 दिन |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 339495 (Building) 24-25 (D)

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## मोदी-जिनपिंग संवाद के मायने

**पांच साल** के बाद प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई और करीब 50 मिनट तक बातचीत हुई। यह एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय प्रयास माना जा सकता है। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाए। अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वजों की पृष्ठभूमि में मुलाकात हुई। कुछ मुस्कराए भी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की जो शैली होती है, वह गायब रही। दोनों नेता आलिंगनबद्ध नहीं हुए। मुलाकात में गर्मजोशी और अंतरंगता महसूस नहीं हुई। इस द्विपक्षीय संवाद को अंतिम और निर्णायक भी नहीं माना जा सकता। एक तानाशाह किस्म के देश और एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच ऐसी मुलाकात और बातचीत, बेशक, एक महत्वपूर्ण कदम है। उसके जरिए आगे का रास्ता तय किया जा सकता है। यह दो समान शक्तियों के दरमियान समान स्तर का संवाद भी नहीं था, क्योंकि चीन भारत से करीब 6 गुना बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। सामरिक स्तर पर भी चीन एक वैश्विक महाशक्ति है। फिर भी 5 साल के गतिरोध के बाद चीन भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत को सहमत हुआ, इसे प्रत्येक लिहाज से कमतर नहीं आंकना चाहिए। चीन भारत को प्रतिस्पर्द्धी नहीं, सहयोगी मानता है, यह चीन की नई सोच है। दोनों नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने और सेनाओं के पीछे हटने के समझौते का स्वागत किया है। दोनों नेता मानते हैं कि उनकी सीमाओं पर शांति और स्थिरता रहनी चाहिए। सीमा विवाद निपटाने के लिए विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीन से विदेश मंत्री वांग यी जल्द ही औपचारिक बैठकें शुरू करेंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा है कि चीन और भारत को एक-दूसरे के प्रति अच्छी धारणा रखनी चाहिए। पड़ोसी होने के नाते सद्भाव से रहने के लिए सही रास्ता खोजने पर काम करना जरूरी है। दोनों का मानना है कि भारत-चीन के संबंध उनके देशों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अहम हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि परस्पर विश्वास, परस्पर सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता के आधार पर ही दोनों देशों के संबंध तय होने चाहिए। लब्बोलुआब यह रहा कि दोनों देश शांति, स्थिरता, सद्भाव, सौहार्द के पक्षधर हैं, लेकिन सवाल है कि क्या ऐसा संभव और व्यावहारिक होगा? अधिकतर राजनयिक और रक्षा विशेषज्ञ बार-बार यह कह रहे हैं कि चीन की फितरत पर भरोसा नहीं करना चाहिए और भारतीय सैनिकों को हरदम सचेत रहना चाहिए। दरअसल भारत 1947 और चीन 1949 में स्वतंत्र हुए। उस दौर में दोनों ही देश समान स्थितियों में थे। 1960, 65, 70, 80 और 1987 के कालखंडों तक भारत-चीन की अर्थव्यवस्था में कोई खास अंतर नहीं था। हालांकि भारत 23.2 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के साथ चीन की 22.7 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था से आगे था। 1990 के दशक में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने देश की अर्थव्यवस्था को खोला और आर्थिक उदारीकरण, भूमंडलीकरण का दौर शुरू हुआ। वहीं से चीन ने हमें पीछे करना शुरू किया। चीन ने कृषि का निजीकरण किया। उसे वामपंथी शासन और कायदे-कानूनों से मुक्त रखा। चीन ने गांव-गांव में औद्योगिक जोन बनाए, नतीजतन ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन नहीं हुआ। गांव में ही रोजगार का प्रबंध किया गया। भारत में जातियों पर राजनीति चल रही थी और गठबंधन सरकारें बेहद अनिश्चित और अस्थिर थीं। चीन के लोगों ने रात-दिन मेहनत की। वहां उस दौर में किसान की औसत सालाना आमदनी 15 लाख रुपए थी, जबकि भारत में यह औसत 1.5 लाख से भी कम थी। चीन ने तय किया कि 9 साल तक स्कूल में पढ़ना अनिवार्य होगा। शिक्षा के साथ-साथ कौशल पर भी गहरा ध्यान दिया गया। नतीजा सामने है कि आज चीन को दुनिया की फैक्टरी म्माना जाता है। चीन 1522 लाख करोड़ रुपए और भारत 324 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत भी तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन चीन सीमेंट, इस्पात, जूते, सोलर पैनल, एयरकंडीशनर, मोबाइल आदि की मंडी बना है। दुनिया कई स्तरों पर चीन पर आश्रित है। इन तमाम संदर्भों में विचार करना चाहिए कि यदि फिर भी चीन भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता को तैयार हुआ, तो तय है कि वह भारत के विकास की गति को पूरी तरह आंक चुका है। ये संबंध वाकई स्थायी होने चाहिए, क्योंकि यह युद्ध, आतंकवाद का दौर नहीं है।

## उचित नाराजगी

**राजधानी** और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की जबरदस्त खिंचाई की। पराली जलाने पर जुमार्ने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम के प्रावधानों को लागू न कर पाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा, केंद्र सरकार ने सिस्टम नहीं बनाया,पर्यावरण संरक्षण अधिनियम शक्तिहीन हो चुका है। दंड़ की जगह जुमार्ना लगा दिया और जुमार्ना लगाने की प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा सकता। सरकार की तरफ से इस पर दस दिन के भीतर सेक्शन 15 (जुर्माना तथा पांच साल की सजा का प्रावधान) लागू करने की बात हुई। आयोग के अधिकारियों को नोटिस देने की बात पर अदालत ने उन पर मुकदमा चलाने को कहा। नाराजगी के साथ कहा हम जानते हैं किन धाराओं में एफआईआर हुई है क्या कोई इस मामले को लेकर गंभीर है। सबसे बड़ी अदालत ने कहा आप जवाब दाखिल करते रहेंगे,हम सुनवाई करते रहेंगे। पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पिछली बार झूठा बयान दिया था कि फंड़ के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया है। हरियाणा के स्पष्टीकरण देने पर कि पराली जलाने के दस हजार मामलों को वे 400 तक ले आए हैं। अदालत ने संदेह जताते हुए कहा, आपने कोई नीति नहीं बनाई। इस संख्या पर सवाल भी उठाया। सर्दियां बढ़ते ही प्रति वर्ष दिल्ली- एनसीआर इलाका वायु प्रदूषण की चपेट में आ जाता है जिसके लिए मुख्यतः पराली जलाने, वाहन उत्सर्जन,औद्यौगिक गतिविधियों, भवन निर्माण व आतिशबाजी को जिम्मेदार बताया जाता है। प्रदूषण से देश में प्रति वर्ष बीस लाख से ज्यादा मौतें हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त वातावरण सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों में बताने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें अपने कर्त्तव्य निर्वहन में असफल हैं। राज्य सरकारें दोषारोपण कर जनता को बरगला रही हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के तीस सबसे प्रदूषित शहर भारत में हैं। पराली जलाने की समस्या हर साल की है, जिसे हल करने के लिए सबको मिल-जुलकर बेझिझक व बगैर मतभेद के एकजुट होना चाहिए। अदालत इतनी सख्त न हो तो शायद गैस- चैंबर में तब्दील हो रहे वातावरण को सुधारने के प्रति सिर्फ लीपापोती ही होती रहे।

# अर्बन ग्रीन स्पेस

> हरित स्थान पर लगे हुए नीम, जामुन, बरगद, पीपल के वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करते हैं बल्कि हरा रंग खुशहाली का भी प्रतीक होता है, जोकि तनाव को कम करके, मसल्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। इससे मांसपेशियों को सुकून मिलता है और तनाव का स्तर भी कम होता है, इसलिए मनोवैज्ञानिक तनाव और एंग्जायटी में गार्डन में चलने का सुझाव देते हैं, जिससे सांस हल्की होती है। हरा रंग शान्ति देता है, इसलिए हॉस्पिटल में हरे रंग के पर्दे लगाए जाते हैं। एक प्रसिद्ध अनसुंधान के अनुसार, दुनियाभर में ऐसे कुछ ब्लूजोन्स पहचाने गए हैं जहां लोगों की आयु सौ वर्ष से अधिक होती है।

**शहर** के बीच हरित स्थान प्रकृति की खली पाठशाला है। अगर इन स्थानों में समय गुजार कर हम प्रकृति की स्वचालित पद्दति को देखें कि किस तरह प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं हैं। पेड़ के पत्ते नीचे गिरकर खाद बन जाते हैं। चिड़िया और भवरें एक जगह से दूसरी जगह बीज गिराकर एक नए फूल को जन्म देते हैं। बारिश की बूंदे जमीन को हरा-भरा बनाकर फिर वापस ओस बन जाती हैं। ऐसा लगता है यह कौन वास्तुकार है जो बिना रुके, बिना किसी प्रयास के सहजता से चलता रहता है।

प्रकृति को और नजदीक से जानने के लिए मैं शहर में स्थित एक ह्य नेचर वॉक ग्रुप के साथ जुड़ गई। नेचर वॉक ग्रुप हर शहर में प्रकृति प्रेमी लोगों के समूह होते हैं जो कि शहर के भीतर और शहर से बाहर हरित स्थानों (ग्रीन स्पसे से) का भ्रमण करते हैं, उनका अवलोकन करते हैं और साथ में मिलकर प्रकृति और प्राकृतिक स्थानों को बचाने का सतत प्रयास करते हैं।

नेचर वॉक ग्रुप के साथ शहर में कंक्रीट जंगल के बीचों-बीच एक ऐसे ग्रीन स्पसे से परिचय हुआ, जिसकी कशिश ही अलग थी, उसकी सौंधी-सौंधी महक हर किसी को आकर्षित कर रही थी। उस स्थान का नाम था 'सावित्री अर्बन फूड फॉरेस्ट'। यहां पर न केवल पड़े-पौधे और घूमने की जगह थी, बल्कि हर फल के एक या दो वृक्ष लगे हुए थे। पकने पर लटके हुए केले, अंगुर की बेल से बातें कर रहे थे। रात की रानी, मोगरा, रजनीगंधा, तलु सी, और लमेन ग्रास की महक, चिड़ियों, तितलियों और भवरों को आमंत्रण दे रही थी। इस अर्बन फूड फॉरेस्ट में 90-100 तक अलग-अलग तरह के फल-फूल ,घास, वृक्ष सब्जियां और बेल लगी हुई थी। वहां पर एक छोटी सी आयर्वेदिक डिस्पसेंरी भी थी जिसमें तलुसी, अड़ूसी, शतावरी, ब्राह्मी, इन्सलिुलिन जैसै अन्य आयर्वेदिक प्लांट लोगों को बरबस अपनी ओर खींच रहे थे।

पेड़ो के नीचे पालक, मेथी और सरसो की छोटी-छोटी क्यारियां बनी हुई थीं और साथ में टमाटर और भिंडी की फसलें झूमकर अपने होने का एहसास करा रहीं थी। पक्षियों के लिए पानी का छोटा सा पौंड था। उसमें तैरती हुई छोटी-छोटी मछलियां तलाब केऊपर लगे हुए शहततू के पेड़ के साथ अठखलियां कर रही थी। ये खाद्य वन आंखों के लिए एक ट्रस्ट, जीभ के लिए क्षुधा-शांति, और मन के लिए एक अच्छा सुकून था।

हरित स्थान एक ऑक्सीजन फैक्ट्री होते हैं जो शरीर और मन, दोनों में रक्त-संचार करते हैं। शहरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए हरित क्षेत्र फल, फूल और वृक्षों का ह्यलाइव डेमो होते हैं। मिटटी को छूना और उस पर नंगे पांव चलना, अपने आप में ही एक थेरेपी है।

इसके अलावा स्पेशल चिल्ड्रन, दिव्यागं के लिए भी अर्बनर्ब ग्रीन स्पेस ही एक ऐसा स्थान होते हैं, जहां पर वे सामान्य बच्चों के साथ मिलजुल कर खेल सकते हैं, तथा उनके साथ मित्रता-पूर्ण व्यवहार सीख सकते हैं।

बुजुर्ग वर्गों के लिए हरित स्थान अथवा अर्बन गार्डन उनकी उम्र के लोगो के लिए मिलने-जुलने का सबसे अच्छा साधन है। यहां पर इकट्ठा होकर, अपनी उम्र के लोगों के साथ मिल-जुलकर योग और प्राणायाम करना, मिलना-मिलाना, हंसना-हंसाना और गार्डन में अपना बर्थडे मनाना, उन्हें जीने की नई राह दिखाता है। अर्बन गार्डन्स के बाहर बैठे हुए सब्जी बचेने वाले एक तरफ छोटे-छोटे किसानों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं तो वहीं दूसरी तरफ शहरी लोगों को ताजा फल और सब्जियों का प्राप्त करने का स्त्रोत प्रधान करते हैं।

हरित स्थान पर लगे हुए नीम, जामुन, बरगद, पीपल के वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करते हैं बल्कि हरा रंग खुशहाली का भी प्रतीक होता है, जोकि तनाव को कम करके, मसल्स को रिलैक्स करने में मदद करता है। इससे मांसपेशियों को सुकून मिलता है और तनाव का स्तर भी कम होता है, इसलिए मनोवैज्ञानिक तनाव और एंग्जायटी में गार्डन में चलने का सुझाव देते हैं, जिससे सांस हल्की होती है। हरा रंग शान्ति देता है, इसलिए हॉस्पिटल में हरे रंग के पर्दे लगाए जाते हैं।

एक प्रसिद्ध अनसुंधान के अनुसार, दुनियाभर में ऐसे कुछ ब्लूजोन्स पहचाने गए हैं जहां लोगों की आयु सौ वर्ष से अधिक होती है। ब्लूजोन्स में रहने वाले लोगों की लम्बी उम्र के राज से जब पर्दा हटाया गया, तो पता चला की यह लोग अपना अधिक से अधिक समय, हरित स्थानों में एक साथ मिलकर व्यतीत करते हैं और ये हरित स्थान ही उनके स्वस्थ जीवन और दीघार्यु का राज होते हैं।

आज इस एनवायरनमेंट एजुकेशन-डे पर हम सब ये प्रतिज्ञा करें कि हम सभी शहरों में अधिक से अधिक हरित क्षेत्र बनाने का प्रयास करेंगे। प्रकृति की इन धरोहर को सहज कर रखेंगे और आने वाली पीढ़ी को बड़े-बड़े घर और फ्लटै के बदले प्राकृतिक स्थान, प्राकृतिक ज्ञान और प्राकृतिक संस्कार देंगे, जिससे कि वो उद्यानों और हरित स्थानों पर मिलकर पुराने समय जैसे सामदुायिक जीवन जी सकें और इस धरती का वसधुवै कुटुम्बकम का स्वप्न सार्थक कर सकें।

# जम्मू-कश्मीर में नई शुरूआत

> जम्मू संभाग की अधिकांश सीटें राहुल गांधी के हवाले करते हुए उसे उसी का मंत्र भी याद दिला दिया था, जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी। लेकिन राहुल गांधी संख्या लेकर हाजिर हुए महज छह की। उसमें भी पांच लोग तो उमर अब्दुल्ला के इलाके कश्मीर के ही थे और जीते भी नैशनल कान्फ्रेंस की मदद से ही थे। कांग्रेस के प्रधान मल्लिकार्जुन खडगे दिल्ली में बुढ़ापा नृत्य करते रहे कि जम्मू कश्मीर में इंडी गठबंधन जीत गया है, लेकिन उमर ने अपने मंत्रिमंडल में कांग्रेस को शामिल ही नहीं किया।

**उमर** अब्दुल्ला ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर की कमान संभाल ली है। 2014 में उन्हें पीडीपी के मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने अपदस्थ कर दिया था। वैसे कश्मीर में सैयदों की और देसी मुसलमानों की लड़ाई बहुत पुरानी है। मुफ्ती साहिब के इंतकाल के बाद उनकी बेटी सैयदा महबूबा मुफ्ती राज्य की मुख्यमंत्री बन गई थीं। मुफ्ती परिवार का यह राजयोग भाजपा के समर्थन पर टिका था। वैसे यह भी अपने आप में सातवां आश्चर्य ही था कि जनसंघ/भाजपा शुरू से ही स्वदेशी का ही समर्थन करती रही हैं, लेकिन जब कश्मीर में राजसत्ता देने की बात आई तो फैसला सैयदों के हक में दे दिया। इससे राज्य के गुज्जर, दलित और पसमांदा मुसलमान भाजपा से रुष्ट भी हुए थे। लेकिन अब यह पुरानी बात है। वैसे भी हालात कुछ ऐसे बने कि भाजपा ने अपना सहयोग वापस ले लिया। जाहिर है इससे मुफ्ती परिवार के हाथ की लकीरें भी बदल गईं। लेकिन उसके बाद जम्मू कश्मीर में इतना कुछ बदल गया जिसको समझने समझाने में समाजविज्ञानियों को पसीना आने लगा। इतना ही नहीं, पाकिस्तान से लेकर अमेरिका तक में हडकम्प मच गया। अमेरिका ने बहुत ही चालाकी से भारत को इस मुद्दे पर घेरा हुआ था। दुनिया भर को विश्वास दिला रखा था कि जम्मू कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का विषय है। इन गोरे लोगों ने चाल इतनी खूबसूरती से चली थी कि भारत में भी बहुत से लोग विश्वास करने लगे थे कि कश्मीर दोनों देशों में विवाद का कारण है। इस भ्रम को बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 था ही। कश्मीर घाटी में तो इस मृगमरीचिका का शिकार होकर बहुत से कश्मीरी भी आजादी-आजादी चिल्लाते हुए, पाकिस्तान के साथ जाने के सपने देखने लगे। इसलिए सैयदों की इन अरबी चालों और गोरों की नस्ली चालों को सदा के लिए दफनाने के लिए भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को ही हटा दिया। हडकम्प मचना तय ही था। लेकिन ज्यादा हो-हल्ला तीन डेरों पर ही मचा। पहला डेरा अब्दुल्ला परिवार का था। यह डेरा जम्मू कश्मीर का स्थानीय या लोकल डेरा था। यह ठीक है कि डेरे के पूर्वज कभी अति उत्साह में अरबी शेख बनने चले थे, शायद कश्मीरियों को डराने के लिए ही। लेकिन वे जल्दी समझ गए कि दूसरों के कपड़े पहन कर देवदार को खजूर समझने से मानसिक तनाव ही बढ़ता है, इसलिए वे जल्दी ही नकली शेख की वर्दी उतार कर अपने देसी लोगों में ही शामिल हो गए। दूसरा डेरा सैयदों का था। वे अभी भी देवदारों पर खजूरें लगने की तरकीबें तलाश रहे थे। तीसरा डेरा उन अलगाववादियों का आकार ले रहा था जिनका नियंत्रण तो एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) मूल के विदेशी मुसलमानों के हाथ में ही था, लेकिन मजहब के नाम पर उन्होंने कुछ देसी कश्मीरी भी अपने डेरे में बिठा रखे थे। जैसे ही अनुच्छेद 370 खत्म हुआ हड़बड़ाहट में ये तीनों डेरे गुपकार के नाम पर एक साथ रोने लगे। लेकिन इतनी बेसुरी आवाजें निकलीं कि उसमें कश्मीर कहीं सुनाई नहीं दे रहा था। देसी डेरे ने तो अरसा पहले ही अरबी शेख बनने का गैर कश्मीरी रास्ता छोड़ दिया था। वह समय की चाल को भी समझ गया था और समय के महत्व को भी। फिर वह जम्मू कश्मीर का देसी डेरा था, राज्य के देसी मन को कैसे न समझता! अरबी डेरे न तो कश्मीर के मन को समझ पाए और न ही समय की चाल को। यही कारण है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में अरबी डेरे उखड़ गए और देसी डेरों ने धमाल मचा दी। जम्मू संभाग में भाजपा ने झंडे गाड दिए और कश्मीर संभाग में अब्दुल्ला परिवार की नैशनल कान्फ्रेंस ने अंगद की तरह पैर जमा दिया। उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री बनना ही था, लेकिन अनुमान इस बात को लेकर लगाया जा रहा था कि विधानसभा में बहुमत हासिल करने के बाद भी क्या वे राज्य के भीतर की देसी अभिलाषा को पढ़ते रहेंगे या फिर विदेशी भाषा की चालों में फंस जाएंगे। उमर के मंत्रिमंडल को देख कर लगता है वे भूतकाल से निकल कर भविष्य के रास्ते पर चलने का निर्णय कर चुके हैं। चुनाव से पहले नैशनल कान्फ्रेंस ने कांग्रेस से समझौता किया हुआ था। जम्मू संभाग की अधिकांश सीटें राहुल गांधी के हवाले करते हुए उसे उसी का मंत्र भी याद दिला दिया था, जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी। लेकिन राहुल गांधी संख्या लेकर हाजिर हुए महज छह की। उसमें भी पांच लोग तो उमर अब्दुल्ला के इलाके कश्मीर के ही थे और जीते भी नैशनल कान्फ्रेंस की मदद से ही थे। कांग्रेस के प्रधान मल्लिकार्जुन खडगे दिल्ली में बुढ़ापा नृत्य करते रहे कि जम्मू कश्मीर में इंडी गठबंधन जीत गया है, लेकिन उमर ने अपने मंत्रिमंडल में कांग्रेस को शामिल ही नहीं किया। अलबत्ता राहुल गांधी ने यह भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर की कि जब तक जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक उनकी पार्टी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी। कश्मीर से सकीना इट्टू को मंत्री बनाया गया है। कश्मीर से दूसरे मंत्री जावेद अहमद डार मंत्री बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री समेत कश्मीर संभाग से तीन सदस्य हैं। उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर संभाग और जम्मू संभाग में संतुलन बनाने का प्रयास किया है। राजौरी जिला में उनकी पार्टी के सुरेन्द्र चौधरी जीते थे। उनको राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह अलग बात है कि चौधरी पीडीपी से शुरू करके, भाजपा से होते हुए नैशनल कान्फ्रेंस तक पहुंचे हैं। पुंछ जिला से नैशनल कान्फ्रेंस के ही जावेद अहमद राणा मंत्री बनाए गए हैं। इस प्रकार पीर पंजाल से दो मंत्री हो गए। लेकिन जम्मू के मैदानी इलाकों का क्या किया जाए? उमर इसे छोड़ सकते थे। आखिर उसकी पार्टी को वहां से मिला ही क्या था? लेकिन उन्होंने छम्ब से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल करके अपनी ओर से संतुलन बनाए रखने का हरसंभव प्रयास किया है। शपथ ग्रहण करने से पूर्व ही उन्होंने अपनी ओर से धुंध साफ करने का प्रयास करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि वे जानते हैं कि वर्तमान परिदृश्य में अनुच्छेद 370 के पुनः जीवित हो उठने का कोई मौका नहीं है। इसलिए वे अपनी ओर से राज्य के लोगों को अन्य नेताओं की तरह झूठे आश्वासन नहीं दे सकते और न हीं देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जहां तक राजनीतिक दल की हैसियत का सवाल है, नैशनल कान्फ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी का प्रश्न है, दोनों अलग अलग राजनीतिक दल हैं। इसलिए अपनी अपनी राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे ही। लेकिन जहां तक सरकारों का सवाल है, राज्य सरकार केन्द्र सरकार से तालमेल बना कर ही चलेगी। इससे जाहिर होता है कि उमर अब्दुल्ला केवल यथार्थ के धरातल पर ही नहीं खड़े हैं, बल्कि भारत की भीतरी एकात्मता को पहचान रहे हैं। राहुल गांधी के ह्यजलेबी स्तरह्न और उमर अब्दुल्ला के ह्यचिंतन स्तरह्न का यही अंतर राज्य में भविष्य की राह बनाएगा। यह भी शायद पहली बार ही हुआ है कि राज्य मंत्रिमंडल में एटीएम गायब है। इसमें देसी कश्मीरी तो हैं, लेकिन सैयद कोई नहीं है।

# योगाभ्यास

## चिंतन-मनन

**तारापीठ** (बंगाल) में द्वारका नदी के सुरम्य तट पर भगवती तारादेवी का मंदिर है। उस दिन उसका मेला या कोई विशेष पूजन-पर्व था। पास के ही गांव का जमींदार भी तारादेवी के दर्शनों के लिए आया। दर्शन करने से पूर्व उसने सोचा स्नान करके यहीं पूजा- पाठ भी समाप्त कर ली जाए। सो उसने द्वारका के तट पर ही अपना सामान रख दिया। वस्त्र उतार कर जमींदार ने स्नान किया। अनन्तर आसन बिछाकर पूर्वाभिमुख पूजा- पाठ के लिए बैठ कर ध्यान करने लगे। एक संत भी स्नान के लिए उसी समय वहां आए। उन्हें बड़ी प्रसन्नता थी कि भारतीय जीवन में अभी आस्तिकता का अभाव नहीं है। यह महात्मा बंगाल के असाधारण तांत्रिक वामक्षेप थे। उधर वे स्नान कर रहे थे। इधर जमींदार भगवान के ध्यान में निमग्न। संत को न जाने क्या कौतुक सूझा कि एकाएक जमींदार पर पानी के छींटे मारने लगे। जमींदार ने आंखें खोलीं आंखों में गुस्सा भरा स्पष्ट दिखाई दिया। संत वामक्षेप शरीर रगड़ने लगे। ठीक बालकों जैसी मुद्रा-मानो उन्होंने जल के छींटे मारे ही न हों और उन्हें पता तक न हो कि अभी कुछ हुआ भी है। जमींदार ने दुबारा आंखें मूंद लीं और फिर ध्यान में मग्न दिखाई दिए। उधर उन्होंने आंख मींची इधर वामक्षेप फिर जल उलीचने लगे और जमींदार के दुबारा आंख खोल देने के बाद भी जल उलीचते ही गए जैसे उनके मन में भय नाम की कोई वस्तु ही न हो। जमींदार गरजेझओरे! साधु अंधा हो गया है। दिखाई नहीं देता मेरे ऊपर पानी उलीच रहा है? वामक्षेप को हंसी आ गई। बोले,उपासना को कलंकित न करो महाराज। भगवान का ध्यान कर रहे हो या मूर एंड कंपनी' कलकत्ता की दुकान से चमड़े के जूते खरीद रहे हो? जमींदार का उबलता क्रोध जहां का तहां ऐसे बैठ गया जैसे उफनते दूध में जल के छींटे मारने से उफान रुक जाता है। उनके आश्चर्य का ठिकाना न था। वह उठे और साधु के चरण पकड़ कर बोले महाराज! सचमुच मैं ध्यान में यही सोच रहा था। मूर एंड कंपनी से जूते पहनने हैं। मुझे आश्चर्य है कि आपने मेरे मन की बात कैसे जान ली? स्वामी रामदास कथामृत से उद्धृत यह घटना बताती है कि योगाभ्यासी साधु हो या कोई और अपनी अन्तरंग को पहचानने वाली क्षमताओं को जागृत कर सकता है। चमत्कार भले ही न दिखा सके।

## आपके पत्र

### प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करो

**हमारे** देश में सबसे बड़ी और जानलेवा समस्या वायु प्रदूषण पर भी राजनीति होती है। माना कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का एक कारण पराली जलाना हो सकता है, लेकिन क्या पहले पराली नहीं जलाई जाती थी? पिछले कुछ वर्षों से ही पराली क्यों वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है? अब तो कुछ किसान पराली को शायद नहीं जलाते हैं। क्या वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बढ़ती जनसंख्या के कारण कंक्रीट के जंगलों की बढ़ोतरी नहीं? क्या दिन प्रतिदिन बढ़ती वाहनों की संख्या वायु प्रदूषण का कारण नहीं?

सडकों के निर्माण के लिए जो धड़ाधड़ वृक्षों पर कुल्हाड़ी चल रही है, क्या इससे पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि आधुनिक शहरी औद्योगिक सभ्यता में ही उसके विनाश के बीज निहित हैं। प्रदूषण पर राजनीति नहीं, काम करने की जरूरत है।

**आरके शर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जमशेदपुर में नामांकन की गहमागहमी, बन्ना गुप्ता, सरयू राय, मीरा मुंडा ने किया नामांकन

**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर में विधानसभा चुनाव के लिए आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस, पोटका से मीरा मुंडा और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से सरयू राय, बन्ना गुप्ता ने नामांकन किया है। एनडीए के जदयू प्रत्याशी सरयू राय ने कहा पश्चिम विधानसभा में गुंडागर्दी बढ़ गई है, कोई काम नहीं हुआ है। जबकि भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा राजनीतिक अनुभव का लाभ इस चुनाव मे मिलेगा। जुगसलाई विधानसभा के आजसू प्रत्यासी रामचंद्र सहिस ने जीत का दावा किया।

झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को जमशेदपुर में दिग्गज प्रत्याशी भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे और नामांकन किया है। चुनावी मैदान में पहली बार उतरने वालीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका विधानसभा के लिए नामांकन किया। इस दौरान क्षेत्र की पूर्व विधायक मेनका सरदार भी मौजूद रहीं। नामांकन करने के बाद भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि राजनीति का अनुभव मुझे मिलता रहा है लेकिन पहली बार चुनाव लड़ रही हूं जनता का साथ मिल रहा है।

एनडीए के आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन किया है। रामचंद्र सहिस पूर्व में दो बार क्षेत्र के विधायक रह चुके हैं, पिछले चुनाव में वे हार गए थे। आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस ने कहा की मेरे दस साल केंकार्यकाल मे क्षेत्र का विकास हुआ है जनता ने देखा है कई योजनाओं का शिलान्यास किया था। लेकिन पिछले पांच साल में क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ इसलिय जनता अब बदलाव चाहती है।

इस जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर सरयू राय और बन्ना गुप्ता फिर एक बार आमने सामने हैं। जदयू की टिकट पर नामांकन करने के बाद सरयू राय ने कहा कि मैं पूर्व में इस विधानसभा का विधायक था। उस दौरान कई काम हुए थे लेकिन पिछले पांच साल मे क्षेत्र में गुंडागर्दी बढ़ी है, विकास का कोई काम नहीं हुआ है अब जनता का साथ मिल रहा है।

वहीं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वर्तमान विधायक रहे बन्ना गुप्ता ने नामांकन किया और आम बागान में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जनता हित में जो काम किये हैं जनता को उसका लाभ मिला है, अब कोई दूसरा नहीं चलेगा।

### व्यय प्रेक्षक ने भीएसटी एफ एसटीऔर भीभीटी के अधिकारियों के साथ बैठक



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अनादि दीक्षित आईआर एस की अध्यक्षता में नया परिसदन भवन के सभा कक्ष में निर्वाचन कार्य से जुड़े भीएसटी,एफ एस टी और भीभीटी के अधिकारियों के साथ बैठक।बैठक में उनके द्वारा सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में चेकनाकों से बिना जांच के वाहन की आवाजाही न होने दें। भीभीटी के सदस्यों को चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशःअनुपालन करना है।किसी भी प्रकार के वाहन आदि को भी शक होने की स्थिति में गहनतापूर्वक जांच करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में सभी भीएसटी, एफ एसटी और भीभीटी कर्मी उपस्थित थे।

### चुनाव में जीत सुनिश्चित हैः सुनील यादव




**साहिबगंज :** जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी राजमहल विधानसभा सीट से निवार्ची पदाधिकारी राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित है।उन्होंने कहा कि राजमहल में बेरोजगारी गंगापूल सड़क और बिजली जैसे मुद्दों को लेकर वे चुनावी संग्राम में कूदे हैं।चुनाव में यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की इन समस्याओं से जनता को निजात दिलवाएंगे।उन्होंने कहा कि उन्हें क्षेत्र में जनसेवा करने का लंबा अनुभव प्राप्त है,ऐसे में जीत के बाद वे क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करेंगे।इसके पहले नामांकन के लिए राजमहल निकलने से पहले वे मां बायसी मंदिर पहुंचे।जहां पूजा अर्चना करने के बाद अपने समर्थकों के साथ वे नामांकन करने राजमहल पहुंचे।इस बीच नामांकन कराने निकलने से ठीक पहले ईडी के द्वारा उनके आवास में की गई छापामारी को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक षड्यंत्र है,चुनाव में जाने से रोकने का यह प्रयास है।वे किसी भी कीमत पर ना रुकेंगे और ना झुकेंगे।मौके पर निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव के हजारों समर्थक मौजूद थे।

### झामुमो नेता मंटा मंडल अपने हजारों समर्थको के साथ भाजपा में शामिल हुए



**साहिबगंज :** झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद मंटा मंडल उर्फ प्रेम मंडल राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा के नामांकन में अपने हजारों समर्थको के साथ भाजपा मे शामिल हुए।भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए झामुमो पर भड़ास निकालते हुए कहा कि वह झामुमो मे लगभग 20 साल से सक्रिय रहा।लेकिन झामुमो पाटी सिर्फ जनता को बेवकूफ बना रही।उन्होंने झामुमो पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य का बिकाश हो रहा,अबुआ आवास बन रहा रोड बन रहा,पुल बन रहा,लेकिन बालू बंद है तो बताए बिना बालू बिकास कार्य कैसे होगा।विचोलिया बालू चोरी कर लाखो कमा रहे,लेकिन सरकारी खजाना मे कुछ भी जमा नहीं हो रहा।इसीलिए वह भाजपा के बिचार धारा से प्रभावित होकर अपने हजारों समर्थको के साथ भाजपा मे शामिल हुए।

# संथाल की सीटों पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों का नामांकन, सभी ने किया जीत का दावा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**दुमकाः** जिला में गुरुवार को इंडिया गठबंधन के प्रमुख प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसमें जरमुंडी से कांग्रेस प्रत्याशी बादल पत्रलेख, दुमका से झामुमो प्रत्याशी बसंत सोरेन और शिकारीपाड़ा से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर आलोक सोरेन ने अपना नॉमिनेशन किया। सभी ने चुनावी मुद्दों को गिनाते हुए जीत का दावा किया है।

**युवाओं को रोजगार देना मेरा प्रमुख मुद्दा- बसंत सोरेन**

झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी के तौर पर दुमका विधानसभा क्षेत्र के लिए निवर्तमान विधायक और हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन ने नामांकन भरा। बसंत सोरेन ने एक सेट में नॉमिनेशन किया है। नामांकन के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वैसे तो वर्तमान में मैं दुमका का विधायक हूं और मेरे प्रयास से यहां विकास के काफी कार्य हुए हैं पर इसके अतिरिक्त जो भी कार्य छूट गए हैं या फिर जनता की जो आकांक्षा है, उसे पूरी करना मेरी प्राथमिकता होगी। बसंत सोरेन ने कहा कि वैसे इस बार का मेरा सबसे बड़ा मुद्दा होगा युवाओं को रोजगार देना। रोजगारपरक योजनाओं को धरातल पर लाकर युवाओं को काम देना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भाजपा के प्रत्याशी सामने होंगे और इलेक्शन में चुनौती तो होती ही है। हमेशा की तरह इस बार भी उन चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जाएगा।

**मेरे किये गए कार्यों को देख जनता मुझे फिर देगी मौका- बादल पत्रलेख**

दुमका जिला के जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर आज हेमंत सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख ने पर्चा दाखिल किया। नॉमिनेशन के बाद उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में जनता के हित में अनगिनत कार्य हुए हैं। इसके साथ ही मेरे कृषि विभाग में भी किसानों के लिए काफी काम हुआ, सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास हुआ है। इन्हीं सब कार्यों को देखते हुए जनता मुझे एक बार फिर से अपनी सेवा का अवसर प्रदान करेगी।

बादल पत्रलेख ने कहा कि मुझे जो पांच वर्षों का अवसर मिला इसे पूरी तरह से मैं राज्य और अपने क्षेत्र की जनता को दिया है। लोगों का प्यार काफी मिला और यह सब देखकर लगता है कि एक बार फिर जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया जा रहा है, यह उनका अपना मुद्दा है पर यहां के लोगों को सारी वास्तविकता की जानकारी है।

**नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन ने किया नामांकन**

दुमका जिला के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी के तौर पर आलोक सोरेन ने नामांकन दाखिल किया। आलोक सोरेन दुमका सांसद नलिन सोरेन के पुत्र हैं, जिन्होंने लगातार सात बार शिकारीपाड़ा विधानसभा से जीत दर्ज की है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आठवीं बार जब उनके पुत्र मैदान में आ गए हैं तो उनका कैसा प्रदर्शन रहता है। नॉमिनेशन के बाद आलोक सोरेन ने कहा कि मेरी जीत पक्की है। मेरे पिता ने क्षेत्र की जनता के लिए वर्षों तक काम किया है, निश्चित रूप से उसका फायदा मुझे मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने परितोष सोरेन को टिकट दिया है, जो हाल ही में एक क्षेत्रीय भाषा के फिल्म के हीरो के रूप में भी सामने आए थे, उन्हें उसी क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाना चाहिए।

**जामताड़ा सीट इरफान अंसारी ने भरा पर्चा**

जामताड़ा विधानसभा हॉट सीट बन गयी है। एक तरफ इंडिया गठबंधन के लगातार दो बार विधायक मंत्री इरफान अंसारी प्रत्याशी हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा से सीता सोरेन चुनावी मैदान में हैं। गुरुवार को नामांकन करने के लिए हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ इरफान अंसारी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद इरफान अंसारी ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि उनके साथ जामताड़ा विधानसभा के जनता का स्नेह है। उन्होंने पूरी उम्मीद जताई है कि लगातार तीसरी बार भी जनता का स्नेह उन्हें मिलेगा और वे विधायक बनेंगे। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन अभी तक नामांकन नहीं किया है।

## सरकार की योजनाओं को जनता के समक्ष रखने का निर्देश



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत इस्लामपुर मे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आवासीय प्रांगण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव तनवीर आलम उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं के बीच जोश भरने का काम किया गया।साथ ही सभी कार्यकताओं को बीते 5 साल में महागठबंधन सरकार ने जो भी विकास के प्रति महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन सभी योजनाओं को कार्यकताओं के समक्ष बताया गया। साथ ही सभी कार्यकताओं को घर-घर जाकर महागठबंधन द्वारा किए गए कार्य को जनता के समक्ष रखने का दिशा निर्देश दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 18 सालों में झारखंड पर भाजपा सरकार ने राज की इतने साल राज करने के बाद भी अभी तक कहीं कोई विकास की छाया भी नजर नहीं आई जनता विकास का नाम तक भूल चुकी थी इन 5 सालों में महागठबंधन की सरकार ने कुछ ही साल सही तरीके से काम कर पाया झारखंड में महागठबंधन की सरकार विकास के कार्य नहीं कर सके इसके लिए केंद्र सरकार ने हर कदम पर अड़चनें पैदा करने का काम किया।कभी सीबीआई के नाम पर कभी इ डी के नाम पर हमेशा महागठबंधन की सरकार को परेशान करने का काम किया।उन्हें हर संभव काम करने के लिए हमेशा रोका गया। ताकि जनता के बीच महागठबंधन सरकार की छवि धूमिल हो सके आप सभी जनता को यह ज्ञात हो कि पिछले 5 सालों में 2 साल कोरोना से जुझने में समय चला गया बाकी 3 सालों में केंद्र सरकार द्वारा सीबीआई और ई डी के तहत परेशान किया गया।फिर भी महागठबंधन की सरकार ने इन सभी परेशानियों के बीच काम किया और मैया सम्मान योजना,बिजली माफी योजना, सर्व जन पेंशन योजना,सड़क, पानी,बिजली जैसी कई योजनाओं को निश्चित तौर पर लोगों के बीच लाने का काम किया।साथ ही यह भी कहा कि आप सभी क्षेत्रवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है किसी के अफवाह में आने की जरूरत नहीं है।पूर्व मंत्री आलमगीर आलम आप सभी का हमेशा ख्याल रखे हैं और अपना जीवन आप लोगों की सेवा में समर्पित किए हैं और उनके परिवार आगे भी आप लोगों की सेवा में तत्पर तैयार रहेंगे।किसी के अफवाह फैलाने से कुछ होने जाने वाला नहीं है।आप लोगों का साथ और प्यार ही आज कांग्रेस पार्टी को बुलंदी तक ले जाएगा।वही जिलाध्यक्ष बरकत खान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस खराब मौसम में भी इस बैठक की उपस्थिति अपने नेता के प्रति आप लोगो के प्यार को दरसाता है आपके इस प्यार के लिए हम आप सभी सम्मानित कार्यकताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं ।साथ ही यह भी कहा कि इस विधानसभा में आप सभी आलमगीर आलम बन कर कार्य करे और अपने प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का काम करें।मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, अशोक दास,कमल आर्य, मो.नसीरुद्दीन, मुफक्कर हुसैन, गुलाब रब्बानी रणजीत टुडू, नाबिद अंजुम, मिठुन कुमार मंडल, अनंत लाल भगत, निताय सरकार, मो सफातुल्लाह, रैसुल आलम, सैफ आलम, शाहनवाज नासिर, हीरालाल साह, करीम, नेहाल, प्रमित तिवारी, अब्दुल कादिर, दिलदार, रबीउल इस्लाम, लाडला, मनोज घोष अभिनेता बबलू यादव, जब्बार,अश्विनी आनन्द, राजू देश के लिए,भोला महतो, तकरीज आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मैं अपने वायदों को पूरा करता हूंः प्रकाश राम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम ने कहा कि संगठन ने उन पर विश्वास कर एक बार फिर टिकट दिया है। यह सब आप सब जनता और कार्यकर्त्ता के स्नेह के कारण संभव हुआ है। राम नामांकन करने जाने से पूर्व पुराना पुलिस लाइन मैदान मे सभा को संबोधित कर रहे थे। मंत्री व स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम का नाम लिये बिना कहा कि लातेहार के लिए सौभाग्य की बात थी कि क्षेत्र को तीन-तीन बार मंत्री मिले। लेकिन मंत्री मिलने के बाद भी क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। आज भी लातेहार की समस्या जस की तस है। उन्होंने अपने कार्यकाल में लातेहार में दो डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दिलायी, भवन का निर्माण भी हो गया, लेकिन आज तक उसमें पढ़ाई शुरू नहीं हुआ।

राम ने कहा कि जिले में जमीन सर्व में काफी गड़बड़ी हुई। इसके लिए पूर्व की रघुवर दास की सरकार ने मिनी सर्वे कराने के लिए लातेहार में पदाधिकारियों की नियुक्ति करायी। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार आते ही यहां से पदाधिकारियों को हटा दिया गया। भाजपा की सरकार ने गैर मजरूआ जमीन का रसीद काटना और ऑनलाइन करने का कार्य शुरू कराया, लेकिन भाजपा सरकार जाते ही ऐसे जमीन का रसीद कटना बंद हो गया। हेमंत सोरेन के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में अपराध बढ़ गया है। अपराधी हत्यायें व अपराध कर भाग जाते हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों को पकड़ नहीं पाये। जिले में भी कई हत्यायें हुई और अपराधी पकड़े नहीं गये हैं। चुनाव जीतने के बाद वे उन परिवारों को न्याय दिलायेगें। उन्होंने कहा कि चुनाव के एक महीने पहले हेमंत सोरेन सरकार को प्रदेश की माता-बहनों का ख्याल आया। उन्होंने चुनाव से ठीक पहले मइयां सम्मान योजना ला कर उन्हें ठगने का काम किया गया।

रामने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर प्रदेश की माता व बहनों को 25 सौ रुपए दिया जायेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनायेंगे। हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज खुलवाने का वह प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जो वायदा करता हूं, उसे पूरा करता हूं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जोखन साहू, अविनाश कुमार सिंह, मुकेश रंजन सिन्हा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, कल्याणी पांडेय, असीम कुमार बाग, कुंति देवी, अमलेश कमार सिंह, पवन कुमार, पवन कुमार साहू, अमरजीत सिहं, विशाल चंद्र साहू, राजीव कुमार गुप्ता, गोविंद प्रसाद, वंशी यादव, रविराज, प्रदीप अग्रवाल, रामू प्रसाद, विष्णु देव गुप्ता, अनिल सिंह आदि मौजूद थे। इसके बाद एक जुलूस की शक्ल में प्रकाश राम नामांकन करने के लिए अनुमंडल कार्यालय पहुंचे।

## हेमंत सरकार ने महिलाओं को सम्मान दियाः बैद्यनाथ राम

**लातेहार :** शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को सम्मान व युवाओं को रोजगार दिया है। सरकार ने समाज के हर तबके के लोगों के लिए काम किया है और अगली बार भी महागठबंधन की सरकार झारखंड में बनेगी। आज प्रदेश के लोगों के चेहरे में खुशी है। राम नामांकन करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार केवल जुमलेबाजी करती थी, धरातल पर उनका कोई काम आज तक नहीं उतरा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को छलने का काम किया। लेकिन हेमत सोरेन की सरकार में आज प्रदेश मे युवाओं को नौकरियां दी जा रही है, उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर सड़क, सिंचाई, शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाये पहुंच रही है। प्रदेश की जनता एक बार फिर हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

इससे पहले राम ने शहर के थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्दि हनुमान मंदिर में माथा टेका और जीत की कामना की। इसके बाद राम बाजारटांड़ पहुंचे। यहां से एक विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बाहर से लोक कलाकारों ने शमा बांध दिया। जुलूस में हजारों की संख्या में महिला व पुरूषों ने भाग लिया। बालुमाथ, हेरहंज, बारियातू, चंदवा लातेहार प्रखंडो के हजारों समर्थकों ने भाग लिया। पूरा शहर झामुमो व गठबंधन दलों के झंडों से पट गया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि प्रमोद प्रसाद सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष समशुल होदा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अंकित पांडेय, संतोष अग्रवाल, रविंद्र प्रजापति, विशाल कुमार, मो इमरान, बारिश अंसारी, आंनद कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### रिक्शा चलाते नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे विनय

पलामू : निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विनय सिंह दांगी निरहुआ रिक्शावाला की स्टाइल में रिक्शा चलाते नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे। विनय सिंह ने केवल सादगी का परिचय दिया बल्कि जनता के दिलों पर अपनी छाप भी छोड़ी। नामांकन के समय उनके साधारण मगर प्रभावशाली अंदाज ने सैकड़ों लोगों को आकर्षित किया, जो विनय की रिक्शा पर सवार होकर नामांकन कार्यालय पहुंचने की अनूठी यात्रा को देखने पहुंचे थे। विनय का कहना है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार ने विकास की सारी संभावनाओं को खत्म कर दिया है। यहां के नेताओं ने क्षेत्र की जनता के लिए कुछ नहीं किया।

## कांग्रेस को बड़ा झटका, विधायक उमाशंकर अकेला सपा में शामिल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पलामू :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के नामांकन के एक दिन पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक उमाशंकर अकेला ने पार्टी छोड़ दी है और समाजवादी पार्टी (सपा) ज्वॉइन कर लिया है। उमाशंकर अकेला शुक्रवार को सुबह के चार बजे पलामू में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अब वह बरही से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। माना जा रहा है कि उमाशंकर अकेला का कांग्रेस छोड़ना पार्टी के लिए चुनावी मौसम में बड़ा हानिकारक साबित हो सकता है।



**कांग्रेस पर पैसा लेकर टिकट देने का लगाया आरोप**

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर पैसा लेकर टिकट देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे में पैसे का खेल चला है, उनसे दो करोड़ मांगे गये थे। पैसे नहीं देने पर उनका टिकट काट दिया गया। सपा में शामिल होने के बाद उमाशंकर अकेला ने बरही से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया।

**कांग्रेस में ईमानदार नेताओं को नहीं दी जा रही तरजीह**

उमाशंकर अकेला ने कहा कि कांग्रेस के अंदर ईमानदार नेताओं को तरजीह नहीं दी जा रही है, ऐसे व्यक्ति का टिकट दिया गया जो कभी कांग्रेस में नहीं रहा है। कांग्रेस में उनके जैसे नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। वे दो करोड़ नहीं दे पाये जिस कारण उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वे जेपी आंदोलन के अनुयायी हैं, समय परिस्थिति बदलती है। वे कांग्रेस में शामिल हुए थे। उमाशंकर ने कहा कि उन्हें लगातार अपमानित किया जाता रहा है। समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रभारी व्यास जी गौंड ने बताया कि पार्टी में भी कई धमाके होंगे, कई लोग सपा में शामिल होने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने बताया कि झारखंड में समाजवादी पार्टी के सहयोग के बिना सरकार नहीं बनेगी।

## 'लापता लेडीज' के ऑस्कर जीतने की प्रार्थना कर रही हैं 'जया', स्टेज पर जाने के लिए हैं उत्साहित



**किरण** राव के निर्देशन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' ने सिनेमाघरों में भले ही बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं किया। मगर, ओटीटी पर रिलीज होने के बाद फिल्म की तारीफों का सिलसिला थम नहीं रहा। यह फिल्म ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजी गई। फिल्म के मुख्य किरदारों का जीवन कैसे इन कुप्रथाओं के कारण मुश्किल में पड़ जाता है, इसी विषय के ईद-गिर्द फिल्म की कहानी घूमती है। अब हाल ही में, फिल्म में 'जया' की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने फिल्म के ऑस्कर जीतने की अपनी इच्छा जाहिर की है।

हाल ही में, एक साक्षात्कार में प्रतिभा रांटा ने बताया कि वह घर पर दिवाली कैसे मनाते हैं। अभिनेत्री ने कहा, ₹मेरे लिए दिवाली हमेशा से ही एक आध्यात्मिक अनुभव रहा है, क्योंकि मेरे दादा-दादी आध्यात्मिकता का अभ्यास करते हैं और उन्होंने मुझे चार साल की उम्र में पटाखे न जलाने के बारे में सिखाया गया था। उस दिन से, मैंने तय कर लिया कि अब से मेरी दिवाली उपहारों का आदान-प्रदान करने, सजने-संवरने और शायद अपने दोस्त के घर जाने पूजा करने के बारे में ही रहेगी।

दिवाली पर घर जाने के प्लान को लेकर अभिनेत्री ने कहा, मैंने तय किया था कि मैं दिवाली के लिए घर तब जाऊंगी जब मैं कुछ हासिल कर लूंगी। अब, मैं चाहती हूं कि मेरा परिवार मेरे साथ जश्न मनाने के लिए यहां आए। अगले साल के लिए, मैं पहले से ही यह सोच रही हूं कि मैं अपने दादा-दादी के साथ यहां दिवाली मनाऊं।

ऑस्कर जीतने की इच्छा की जाहिरः फिल्म के ऑस्कर जीतने की इच्छा जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने कहा, इस दिवाली, मैं ऑस्कर के लिए थोड़ी ज्यादा प्रार्थना कर रही हूं। पर वो प्रार्थना तो मेरी रोज भी चलती रहती है। हर रात सोने से पहले, मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। और अब मैंने एक और चीज मांगना शुरू कर दिया है। स्टेज पर जाने का अनुभव करना चाहती हैं अभिनेत्रीः अभिनेत्री ने आगे बताया कि जब यह खबर आई तो वह मीटिंग में थीं, और उन्हें बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई। प्रतिभा ने कहा, ह्लएक पल के लिए, मैं सोच में पड़ गई, क्या हुआ है? मुझे सच में इसे समझने में थोड़ा समय लगा। मैं अब उस दिन का इंतजार कर रही हूं जब हम वहां जाएंगे, और हम उस जगह खड़े होंगे। मैं उस पल का अनुभव करना चाहती हूं और हर बार जब मैं इसके बारे में सोचती हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



## पुष्पा 2 की रिलीज डेट में बदलाव, अब इस दिन सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल 05 दिसंबर को रिलीज होगी। वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, पुष्पा 2ः द रूल पहले 06 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 05 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 ः द रूल का एक नया पोस्टर शेयर किया है। चिल्लम पीते हुए पुष्पाराज अपने हाथ में पकड़े बंदूक को निहार रहे है। वह नोटों की गड्डी के सामने खड़े हुए हैं। अल्लू अर्जुन ने हैशटैग में ह्मपुष्पा 2 ः द रूल ऑन 05 दिसंबर लिखा है। पुष्पा 2ः द रूल पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा। अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2ःद रूल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## फैशन हाउस डायर की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनीं सोनम कपूर, बहन रिया ने दी बधाई



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनम कपूर को प्रतिष्ठित फ्रांसीसी लक्जरी फैशन हाउस डायर का ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। एक्ट्रेस मारिया ग्राजिया चियुरी द्वारा डिजाइनड कलेक्शन को प्रेजेंट करेंगी। डायर की ब्रांड एंबेसडर बनने पर उनकी बहव रिया कपूर ने उन्हें बधाई दी है। रिया ने अपने इंस्टाग्राम पर सोनम की फोटोज शेयर की है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि मुझे अपनी बहन पर बहुत गर्व है। मुझे फैशन के लिए उनके प्यार, इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों के प्रति जुनून और इसके हर पहलू के प्रति सम्मान के साथ इंडियन फैशन को ऊंचाई तक पहुंचाने पर बहुत गर्व है।

**सोनम को मिल रही बधाईयां** : रिया ने आगे लिखा कि फैशन को मजेदार माना जाता है और खुद को अभिव्यक्त करने तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक साधन माना जाता है। मुंबई से पेरिस तक सोनम कपूर जितना साहसी जीवन जीने का जज्बा किसी और में नहीं है। रिया ने सोनम की जो फोटोज शेयर की है, उसमें वो दो ब्लैक आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। रिया कपूर के पोस्ट पर सोनम कपूर के फैंस और सेलेब्स लाइक और कमेंट कर रहे हैं। इस पोस्ट को अबतक 8390 लाइक्स मिले हैं। वहीं 169 लोगों ने कमेंट किया है। अनिल कपूर ने भी अपनी बेटी सोनम के लिए एक प्यारा सा नोट शेयर किया है। वहीं दीपिका पादुकोण सहित कई सेलेब्स ने इस पोस्ट पर कमेंट किया है।

**बैटल फॉर बिटोरा में नजर आयेंगी सोनम कपूरः** सोनम कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो बीते महीने सोनम ने अपनी अगली फिल्म, बैटल फॉर बिटोरा के बारे में खुलासा किया। यह फिल्म अनुजा चौहान के इसी नाम के 2010 के उपन्यास पर आधारित है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि रिया कपूर ने इस बुक के राइट्स ले लिए हैं और इस फिल्म पर काम जल्द शुरू कर सकती हैं। यह फिल्म अनिल कपूर फिल्म्स कंपनी के बैनर तले बनायी जायेगी। बैटल फॉर बिटोरा फिल्म एक एनीमेशन विशेषज्ञ की कहानी है, जो अप्रत्याशित रूप से खुद को बिटोरा के चुनाव में एक पूर्व शाही परिवार के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए पाती है। जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री ने बैटल फॉर बिटोरा फिल्म को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया था। सोनम कपूर ने अपने किरदार को प्यारा बताया और कहा कि युवा पीढ़ी शायद उससे उतनी परिचित न हो, जिसे वह फिल्म की अपील के लिए एक अनूठा लाभ मानती हैं।

## पैपराजी के साथ रुड होने पर काजोल ने तोड़ी चुप्पी, कहा मुझे गुस्सा आता है



**बॉलीवुड** की दिग्गज एक्ट्रेस काजोल इंडस्ट्री में अपने चुलबुल अंदाज के लिए मशहूर हैं। उनकी बातें, उनके एक्सप्रेशन सभी दर्शकों को खूब पसंद आते हैं। हालांकि, इन दिनों उनकी पैपराजी के साथ रूड व्यवहार जमकर सुर्खियां बटोर रही है। कई लोग इस वजह से उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। जिसके बाद फोन काजोल ने इसपर चुप्पी तोड़ी और इसके पीछे की असल वजह बताई।

क्यों पैपराजी से रुड होती हैं काजोलः काजोल ने जूम के साथ एक इंटरव्यू में बताया कि अक्सर वह अपने रूड बिहेवियर की वजह से चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा उन्होंने सोशल मीडिया के बारे में भी कई बातें बताई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट होने वाली इन पोस्ट के लिए लोग कई बार वो नहीं दिखाते जो सच में होता है। इसके लिए कई लोग दिखावा भी करते हैं।

खुद को बार बार एडिट नहीं करना चाहती काजोलः काजोल ने बताया कि उनका मानना है परफेक्शन ये नहीं दिखाता कि लोग कैसे हैं। रियल लाइफ रील लाइफ से बहुत अलग होती है। लोग अपनी तस्वीरों और बोलने के तरीका बहुत ही सावधानी से पैपराजी के सामने रखते हैं। उन्होंने कहा, ह्लमुझे गुस्सा आता है, मेरे भी बुरे दिन और अच्छे दिन होते हैं झ यही मेरी आदत है। मुझे लगता है कि मैं बैठकर खुद को बार-बार एडिट नहीं कर सकती और न ही करूंगा, किसी और के इस विचार के लिए कि ह्यवह एक सेलिब्रिटी है और उसे अपना आपा नहीं खोना चाहिए।

सोशल मीडिया के बिना जिंदगी जीने पर खुश हैं काजोलः काजोल ने इससे पहले इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में कहा, ह्लमैं आभारी हूं कि मैंने सोशल मीडिया के बिना पूरी जिंदगी जी है। मैं छह साल पहले ही सोशल मीडिया पर आई हूं। साथ ही, यह असल जीवन नहीं है। आप रेड कार्पेट पर मेरी तस्वीर देखेंगे, लेकिन आप यह नहीं देखेंगे कि मैं तैयार होने के लिए सुबह 5 बजे उठी, रात 11.30 बजे थकी हुई वापस आई और अगली सुबह, मैं काम पर वापस आ गई।

## कॉस्मेटिक सर्जरी के दावों पर भड़कीं आलिया भट्ट, नोट साझा कर चेहरे का मजाक उड़ाने वालों को लगाई फटकार



**अभिनेत्री** आलिया भट्ट ने शुक्रवार, 25 अक्तूबर को एक लंबा नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने उन लोगों की आलोचना की, जो उनकी टेढ़ी मुस्कान, बोलने के अजीब तरीके और 'बोटोक्स के गलत इस्तेमाल के लिए उनकी बॉडी शेमिंग कर रहे हैं। अभिनेत्री ने सभी को याद दिलाया कि किसी महिला के शरीर पर अपनी टिप्पणियों के बारे में संवेदनशील रहें और किसी के बारे में बिना किसी सबूत, बिना किसी पुष्टि के अफवाह फैलाने से पहले सावधान रहें।

अभिनेत्री ने आगे कहा कि महिलाओं को आंका जाता है और अक्सर उन्हें यह एहसास कराया जाता है कि वे जिस तरह से हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। आलिया ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि किसी के दिखावे के बारे में लेख और टिप्पणियां युवा, प्रभावशाली दिमाग पर किस तरह से प्रभाव डालती हैं। आलिया ने जाहिर की नाराजगीः उन्होंने लिखा, 'कॉस्मेटिक सुधार या सर्जरी का चयन करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी निर्णय नहीं, आपका शरीर, आपकी पसंद। इधर-उधर घूम रहे वीडियो में दावा किया गया है कि मैंने बोटॉक्स गलत तरीके से लिया है, आपके अनुसार मेरी मुस्कुराहट टेढ़ी है और बोलने का तरीका अजीब है। यह किसी व्यक्ति के चेहरे के बारे में आपकी अति आलोचनात्मक और छोटी सोच है और अब आप पूरे आत्मविश्वास के साथ वैज्ञानिक स्पष्टीकरण दे रहे हैं, दावा कर रहे हैं कि मैं एक तरफ से लकवाग्रस्त हूं? क्या आप मजाक बना रहे हैं?

**लोगों को बताया लापरवाहः** उन्होंने आगे लिखा, 'ये गंभीर दावे हैं, जिन्हें बिना किसी सबूत, पुष्टि और समर्थन के लापरवाही से सामने रखा जा रहा है। इससे भी बुरी बात यह है कि आप युवा, संवेदनशील दिमागों को प्रभावित कर रहे हैं, जो वास्तव में इस बकवास पर विश्वास कर सकते हैं। आप ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्लिकबेट के लिए? ध्यान आकर्षित करने के लिए? क्योंकि इसमें से कुछ भी समझ में नहीं आता है।'

**महिलाओं पर पड़ता गलत असरः** आलिया ने कहा कि महिलाएं भी अन्य महिलाओं को उनके रूप-रंग के आधार पर आंकती हैं और यह समानता और जियो और जीने दो के विचार के बारे में बात करने के लिए पूरी तरह से अन्याय है। आइए एक मिनट उस बेतुके नजरिए पर बात करें जिसके माध्यम से इंटरनेट पर महिलाओं को आंका जाता है और उन्हें वस्तु के रूप में देखा जाता है- हमारे चेहरे, शरीर, निजी जीवन आलोचना के लिए तैयार हैं।'

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: बाहर किए खेलों को लेकर पीटी उषा ने जताई निराशा



**नई दिल्लीः** राष्ट्रमंडल खेलों को लेकर बुधवार को कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई। इस घोषणा में कुछ प्रमुख खेलों को बाहर कर दिया गया है। इन खेलों को हटाए जाने को लेकर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती समेत कई बड़े खेलों को बाहर कर दिया गया है। 12 साल बाद इस शहर में लौटे खेलों में उन खेलों को भी बाहर कर दिया गया है, जिनमें भारत लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। भारत का सम्मान रहे हॉकी और कुश्ती समेत क्रिकेट, निशानेबाजी, टेबल टेनिस और स्क्वाश को भी बाहर कर दिया गया है। लेकिन इसके कारण को लेकर ग्लासगो ने सफाई दी है, कि वे अपने बजट में कटौती करना चाहते हैं। पहले ये खेल ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में होने थे, लेकिन वह भी बजट की समस्या के कारण इसकी मेजबानी से हट गया था। बजट की वजह से ग्लासगो में आठ मील के दायरे में ही 10 खेल चार स्थानों पर आयोजित होंगे।

इन खेलों को हटाए जाने को लेकर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कुछ मिश्रित-सा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे पदक दिलाने वाले खेलों को बहर करना देश के लिए निराशाजनक है। उषा ने यह भी कहा कि हम उनके द्वारा बताए गए कारणों को भी दरकिनार नहीं कर सकते। उषा ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए गए बयान में कहा कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेलों के कार्यक्रम में कटौती निराशाजनक है लेकिन मुझे यकीन है कि आप समझेंगे कि 2026 के खेल राष्ट्रमंडल खेलों के भविष्य के लिए एक पुल का काम करेंगे। भारत बहुत सारे पदक जीतने से वंचित रह जाएगा। हालांकि उषा ने सिटी काउंसिल के कारणों का बचाव भी किया है। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि वे लागत कम करना चाहते हैं और खेलों के पर्यावरणीय प्रभाव को भी कम रखने का प्रयास कर रहे हैं और खेलों से सामाजिक लाभ भी अर्जित करना चाहते हैं। यह प्रगतिशील और टिकाउ मॉडल बहुत रोमांचक है और भविष्य में अधिक देशों को खेलों की मेजबानी करने में सक्षम करेगा।

आईओए अध्यक्ष ने खेलों को बाहर करने के ग्लासगो के फैसले की आलोचना करते हुए इस कदम के बाद खेलों की प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं। पीटी उषा ने कहा सीमित समय-सीमा और वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, सीजीएफ (राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) का ध्यान वित्तीय रूप से जिम्मेदार होते हुए उच्च-गुणवत्ता वाले खेलों को आयोजित करने पर रहा है। ताकि जोखिम कम किया जा सके और खिलाड़ियों और खेलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जा सके। आगे उन्होंने कहा कि 1998 तक राष्ट्रमंडल खेलों में 10 खेलों का आयोजन होता था और भविष्य में जब प्रतियोगिता की मेजबानी का एक स्थिर मॉडल तैयार हो जाएगा तो इसमें स्वयं विस्तार हो सकता है। राष्ट्रमंडल खेलों के 23वें सत्र का आयोजन 23 जुलाई से दो अगस्त तक स्कॉटलैंड की राजधानी ग्लासगो में आयोजित किया जाएगा।

## वॉर्नर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा




- 2018 में बॉल टेम्परिंग के दोषी पाए गए थे
- सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेंगे
- डेविड वॉर्नर ने अपना आखिरी मैच पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में जनवरी 2024 में खेला था।

**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर पर की कप्तानी पर लगा लाइफटाइम बैन हटा दिया गया है। साल 2018 में वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम की कप्तानी करने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जिंदगी भर के लिए बैन कर दिया गया था। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने फैसले की समीक्षा करते हुए वॉर्नर से बैन हटाने का फैसला किया है।

बैन के हटने से उनके अगले इछ सीजन में सिडनी थंडर्स की कप्तानी करने के कयास लगाए जा रहे हैं। डेविड वॉर्नर पर ये बैन साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने को लेकर लगा था। वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था।

डेविड वॉर्नर के साथ स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी बॉल टेम्परिंग में दोषी पाए गए थे।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस लिया :** डेविड वॉर्नर पर बैन लगाए जाने के 6 साल बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना फैसला वापस ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से इसे लेकर एक प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसमें बताया गया कि 25 अक्टूबर को कंडक्ट कमीशन के 3 सदस्यीय पैनल ने वॉर्नर पर लगे लाइफटाइम लीडरशिप बैन को हटाने का फैसला किया। पैनल ने पाया कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के कोड ऑफ कंडक्ट में साल 2022 में जो बदलाव किए गए हैं, उसके मुताबिक बैन हटाने के नियमों पर वॉर्नर खरे उतरते हैं।

2022 में कप्तानी करने की अपील की थीः डेविड वॉर्नर ने 2018 में अपने खिलाफ लाइफटाइम लीडरशिप बैन लगने के बाद ही वॉर्नर ने इसे वापस लिए जाने की अपील की थी। 2022 में खुद पर लगे बैन से वॉर्नर इतने तंग आ चुके थे कि उन्होंने अपील को वापस ले लिया था। अब 6 सालों के इंतजार के बाद आखिरकार वॉर्नर पर कप्तानी करने से लगी रोक हटा दी गई है। वॉर्नर पर ये रोक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया तक ही सीमित थी।

## न्यूज ब्रीफ

### रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डिफर्ड एन्यूइटी प्लान 'निश्चित पेंशन'

**रांची :** देश में जीवन बीमा के क्षेत्र की प्रमुख निजी कंपनियों में से एक, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एक नए डिफर्ड एन्यूइटी प्लान को लॉन्च किया है, जिसे 'रिलायंस निप्पॉन लाइफ निश्चित पेंशन' का नाम दिया गया है। इस प्लान को आजीवन आय सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, जिससे ग्राहकों को रिटायरमेंट के बाद अपनी आय को सुव्यवस्थित करने और लंबे समय में ब्याज दरों में किसी भी तरह की गिरावट से सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी। भारत सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि, वर्ष 2041 तक भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र की अनुमानित आबादी लगभग 15.9% (जो वर्ष 2021 में 9.7% से ज्यादा है) होगी। आबादी के स्तर पर इतना बड़ा बदलाव ही रिटायरमेंट समाधान से जुड़ी पॉलिसियों की तेजी से बढ़ रही मांग का मुख्य कारण है। कंपनी के आंतरिक शोध के अनुसार, खुद के लिए और अपने आश्रितों के लिए स्थायी, लंबे समय तक नकदी प्रवाह सुनिश्चित ही रिटायरमेंट की योजना बनाने वाले ग्राहकों की सबसे बड़ी आवश्यकता के रूप में उभर रहा है। ग्राहकों की इसी खास जरूरत को ध्यान में रखकर आरएनएल निश्चित पेंशन को तैयार किया गया है।इस नए प्रोडक्ट के लॉन्च के मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, आशीष वोहरा ईडी एवं सीईओ, ने कहा, मौजूदा दौर में एकल परिवार की लगातार बढ़ती संख्या के साथ-साथ के लोगों के अनुमानित जीवन-काल में बढ़ोतरी हुई है, और यह भी सच है कि व्यक्ति की जमा-पूंजी के खत्म हो जाने का जोखिम बढ़ गया है। व्यक्ति को जिंदगी के सबसे सुहाने दिनों में गारंटी के साथ आय प्राप्त करने के लिए अपनी रिटायरमेंट की योजना जल्द-से-जल्द शुरू कर देनी चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि रिटायरमेंट की योजना बनाने में कभी देर नहीं होती। मुझे लगता है कि, आने वाले 10 सालों में रिटायरमेंट प्लान की मांग में तेजी से बढ़ोतरी होने वाली है। आरएनएल निश्चित पेंशन वास्तव में जिंदगी भर आमदनी की गारंटी, अंतिम जीवित दम्पती के लिए सुनिश्चित आय तथा अगली पीढ़ी के लिए विरासत सुनिश्चित करने जैसी रिटायरमेंट से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है।

### अमृतसर में दो किलोग्राम हेरोइन जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



**नई दिल्ली:** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने मादक पदार्थों के तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2.15 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान राणिके गांव निवासी जगरूप सिंह उर्फ ??जुपा, घरिंडा अमृतसर ग्रामीण के रणगढ़ गांव निवासी जगजीत सिंह और जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई है। भुल्लर ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों आरोपी पाकिस्तान के मादक पदार्थ तस्कर काली के संपर्क में थे, जो सीमा के उस पार से मादक पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा कि जांच में कुछ सुराग मिले हैं और एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जोमेटो से खाना ऑर्डर करना हुआ महंगा




**नई दिल्ली:** दिवाली से पहले जोमेटो ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। कंपनी ने बड़ा फैसला लेते हुए प्लेटफॉर्म फीस को 60 फीसदी तक बढ़ा दिया है। कंपनी के इस फैसले से ग्राहकों को अब हर ऑर्डर पर 10 रुपए चुकाने होंगे। इससे पहले कंपनी ने जनवरी में इस फीस में 4 से 6 रुपए की बढ़ोतरी की थी। कंपनी का कहना है कि यह बढ़ोतरी दिवाली के दौरान ज्यादा डिमांड को संभालने के लिए की गई है, साथ ही इससे यूजर्स को बेहतर सेवाएं देने में भी मदद मिलेगी। बता दें कि जोमेटो ने बीते एक साल में कई बार अपनी फीस में बढ़ोतरी की है। पहले यह फीस 1 रुपए से शुरू हुई थी, जो धीर धीरे 3 से 4 रुपए और फिर 6 रुपए तक बढ़ गई। अब ताजा बढ़ोतरी के साथ यह दर बढ़कर 10 रुपए हो गई है। इसके अलावा ग्राहकों को जीएसटी, डिलीवरी चार्ज और रेस्टोरेंट फीस भी चुकानी होगी।

### फॉक्सवैगन ने छुआ 50 हजार गाड़ियां बेचने का आंकड़ा



**नई दिल्ली:** भारतीय ग्राहकों के बीच हमेशा से सेडान सेगमेंट के कारों की डिमांड रही है। इनमें होंडा सिटी, हुंडई वरना, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस जैसी कार खूब पॉपुलर है। अब फॉक्सवैगन इंडिया ने ऐलान किया है कि कंपनी की पॉपुलर सेडान वर्टस ने भारतीय मार्केट में 50,000 यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। बता दें कि फॉक्सवैगन वर्टस ने यह आंकड़ा लांच होने के 28 महीने के अंदर हासिल कर डाली। इसके अलावा कंपनी ने यह भी ऐलान किया कि फॉक्सवैगन वर्टस 17,000 यूनिट बिक्री के साथ साल 2024 की हाईएस्ट सेलिंग मिड-साइज सेडान भी रही है। दूसरी ओर कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फॉक्सवैगन वर्टस को साल 2026 तक मिड-लाइफ अपडेट मिलने की उम्मीद है। बता दें कि कार के इंटीरियर में ग्राहकों को 10.1-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस चार्जिंग, सनरूफ, वेंटीलेटेड फ्रंट सीटें, एलईडी हेडलैंप्स, 8-स्पीकर ऑडियो सिस्टम और हाइट एडजेस्टेबल ड्राइवर सीट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा कार में सेफ्टी के लिए 6-एयरबैग और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम भी मौजूद हैं। मार्केट में फॉक्सवैगन वर्टस का मुकाबला हुंडई वरना, होंडा सिटी और मारुति सुजुकी सियाज से होता है।

# लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल पर एनआईए ने कसा शिकंजा पकड़ने की बनाई तगड़ी प्लानिंग, 10 लाख का इनाम घोषित



**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया। उसके खिलाफ 2022 में दर्ज दो एनआईए मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। जो हाल ही में मुंबई में राजनीतिक पार्टी से संबंधित गतिविधियों में उसकी कथित संलिप्तता के लिए संज्ञान में आया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या को लॉरेंस बिश्नोई से जोड़ने वाले सबसे मजबूत सुराग में, पुलिस ने खुलासा किया कि एनसीपी राजनेता की हत्या करने वाले तीन संदिग्ध शूटरों ने हत्या से पहले एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के जरिए जेल में बंद गैंगस्टर के कनाडा स्थित चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई से संवाद किया था।

हाई-प्रोफाइल घटनाओं से संबंधः अनमोल इस साल की शुरूआत में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी के सिलसिले में भी वांछित है। एनआईए का यह कदम संगठित अपराध से निपटने और क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक नेटवर्क पर खुफिया जानकारी एकत्र करने की अपनी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

जनता से मदद की अपीलः अधिकारियों ने अनमोल बिश्नोई के ठिकाने के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से आगे आने का आग्रह किया है। महत्वपूर्ण संगठित अपराध को खत्म करने और उनकी गतिविधियों की जांच करने में उसकी गिरफ्तारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एनआईए के प्रयास देश भर में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर केंद्रित हैं।

हाल ही में की गई कार्रवाइयों का विवरणः यह घोषणा एनआईए द्वारा कई राज्यों में की गई छापेमारी के लगभग नौ महीने बाद की गई है, जिसमें संगठित अपराध से जुड़े अवैध हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए थे। जनवरी में, एनआईए की टीमों ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ में 32 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें दो पिस्तौल, गोला-बारूद और 4.60 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई।

संगठित अपराध नेटवर्क की जांचः ये मामले प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और लॉरेंस बिश्नोई प्रतिबंधित आपराधिक समूहों की गतिविधियों से संबंधित हैं, जिन्होंने लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार द्वारा जबरन वसूली और लक्षित हत्याओं सहित आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। माना जाता है कि लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार सहित उनके सहयोगियों द्वारा निर्देशित सिंडिकेट ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माफिया-शैली के नेटवर्क स्थापित किए हैं।

व्यापक निहितार्थः ये आपराधिक नेटवर्क पंजाबी गायक सिद्धू मूस वाला सहित मशहूर हस्तियों की हत्या, आतंकवाद के वित्तपोषण और हथियारों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। एनआईए के सक्रिय कदमों से इन नेटवर्कों को तोड़ने और उन पर अंकुश लगाने के उसके दृढ़ संकल्प का पता चलता है, जो संगठित अपराध के सामने कानून के शासन का उल्लंघन करते हैं।

## भारत से पंगा लेकर मालदीव की हालत हुए पतली, राष्ट्रपति की सैलरी 50% कटी, जज और सांसदों के वेतन में भी होगी कटौती



**नई दिल्ली :** भारत से पंगा लेना अब मालदीव के मोहम्मद मुइज्जू को बड़ा महंगा पड़ रहा है। भारत को आंख दिखाने वाले मालदीव की हालत अब पतली हो गई है।। तंगहाली की नौबत यह है कि मोहम्मद मुइज्जू के पास सैलरी देने के भी पैसे नहीं हैं। यही वजह है कि उन्हें अपनी सैलरी भी कम करनी पड़ी है। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपनी सैलरी में 50% की कटौती का ऐलान किया है।

दरअसल, जब से मालदीव ने भारत से पंगा लिया है, तब से ही उसकी हालत पतली हो चली है। भारत संग विवाद का असर उसके टूरिज्म पर पड़ा है। टूरिज्म मालदीव के लिए पैसे का सबसे बड़ा सोर्स है। पर्यटन के लिहाज से मशहूर मालदीव में कर्ज के संकट को रोकने के लिए सरकार ने कमर कसने का फैसला किया है। इसके तहत सरकारी नौकरियों में सैलरी में कटौती की जाएगी। मोहम्मद मुइज्जू के ऑफिस ने कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू खुद सबसे ज्यादा सैलरी में कटौती करेंगे. ज्यादातर सरकारी नौकरियों में अनिवार्य रूप से 10% सैलरी कटौती की जा रही है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सालाना सैलरी अगले साल से घटाकर 600,000 रुफिया (39,087 डॉलर यानी 32,86,176 रुपए) कर दी जाएगी। अभी मोहम्मद मुइज्जू की सैरली 1.2 मिलियन रुफिया यानी 65,68,233 रुपए है। रिपोर्ट की मानें तो मुइज्जू सरकार ने अभी तक जजों और सांसदों को सैलरी में कटौती से छूट दी है। मगर मुइज्जू के ऑफिस का कहना है कि वे स्वेछा से सैलरी में कटौती करवा सकते हैं। मालदीव के राष्ट्रपति को उम्मीद है कि मालदीव के जज और सासंद अपनी इच्छा से 10% की कटौती के लिए राजी हो जाएंगे और देश पर जो बोझ पड़ा है, उससे निपटने में अपनी भागीदारी देंगे।

## अमेरिकी चुनाव का काउंटडाउन शुरू : अब तक 3 करोड़ लोगों ने की एडवांस वोटिंग



**न्यूयार्क :** अमेरिका ने अपना नया राष्ट्रपति चुनने के लिए कमर कस ली है। पांच नवंबर को राष्ट्र अपना नया राष्ट्रपति चुनेगा। इसके लिए एडवांस वोटिंग हो रही है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा इलेक्शन लैब के डेटा के मुताबिक, अमेरिका में अब तक 3 करोड़ लोग एडवांस वोटिंग कर चुके हैं। इनमें से अधिकतर वोटिंग मेल के जरिए हुई है।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुए प्री-पोल के दौरान अब तक लगभग 3 करोड़ लोग वोटिंग कर चुके हैं। अमेरिका में एडवांस वोटिंग भी आम चुनावों की तरह डाक या फिर व्यक्तिगत तौर पर पोलिंग सेंटर पर जाकर होती है।

इस बार भी जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, एडवांस पोलिंग बढ़ती जा रही है। इस बार प्री-पोल वोटिंग में लोग बड़ी संख्या में वोट कर रहे हैं। माना जा रहा है कि 2020 में हुई एडवांस वोटिंग का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। उस समय 10 करोड़ लोगों ने एडवांस वोटिंग की थी।

2020 में लगभग 60 प्रतिशत डेमोक्रेट और 32 प्रतिशतः रिपब्लिकन मतदाताओं ने मेल के जरिए वोट दिया था। पिछले चुनाव में प्री-पोल में बाइडेन को इसका फायदा मिला था। प्री-पोल सर्वे में ट्रंप को 47 फीसदी जबकि कमला हैरिस को 45 फीसदी वोट मिले हैं। ये सर्वे 19 से 22 अक्तूबर के बीच 1500 रजिस्टर्ड वोटर्स के बीच किया गया था। इस सर्वे में कमला हैरिस की तुलना में ट्रंप को तरजीह दी।

## बाबा सिद्दीकी का बेटा जीशान एनसीपी में हुआ शामिल, पार्टी ने बांद्रा ईस्ट सीट से बनाया प्रत्याशी



**मुंबई :** दिवंगत एनसीपी नेता ( बाबा सिद्दीकी के बेटे और मुंबई यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी मुंबई में एनसीपी में शामिल हो गए। एनसीपी ने 2024 के महाराष्ट्र चुनाव के लिए बांद्रा ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र से जीशान सिद्दीकी को पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है। अगस्त में कांग्रेस द्वारा निष्कासित सिद्दीकी को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के भतीजे के खिलाफ अपनी वांद्रे (पूर्व) सीट बचाने की उम्मीद है। एनसीपी में शामिल होने के बाद जीशान सिद्दीकी ने कहा, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक भावनात्मक दिन है। मैं अजित पवार प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे का इन कठिन समय में मुझ पर विश्वास करने के लिए शुक्रगुजार हूं। मुझे बांद्रा ईस्ट से नामांकन मिला है, मुझे यकीन है कि सभी लोगों के प्यार और समर्थन से मैं इस साल फिर से बांद्रा ईस्ट जरूर जीतूंगा।

### बिहार सरकार ने पटना और तीन अन्य शहरों में पटाखों की बिक्री -इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध



**पटनाः** बिहार सरकार ने दिवाली के दौरान वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पटना और तीन अन्य शहरों गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में हरित पटाखों सहित सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री या इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पटना जिला प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक पत्र के अनुसार, दीवाली के दौरान वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पटना और तीन अन्य शहरों गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में हरित पटाखों सहित सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री या उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन सभी शहरों में परिवेशी वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश के बाद यह फैसला लिया गया है। बिहार के अन्य शहरों में दिवाली पर केवल हरे या पर्यावरण के अनुकूल पटाखों की अनुमति होगी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एनजीटी के आदेश के अनुपालन के लिए इन शहरों को पटाखों की बिक्री का लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा।

### समस्तीपुर जिले में ठेकेदार का अपहरण का प्रयास, विफल होने पर मारी गोली

**समस्तरपुरः** समस्तीपुर में बदमाशों ने एक ठेकेदार के अपहरण का प्रयास किया. मामला बिथान थाना अंतर्गत जगमोहरा गांव का है. अपहरण में नाकाम होने पर बदमाशों ने ठेकेदार पर गोली चला दी, जिससे वो जख्मी हो गए. ठेकेदार की पहचान राजेश कुमार उर्फ गोहल सिंह (42) के रूप में हुई है. दरअसल अपहरण में विफल होने पर बदमाशों ने ठेकेदार पर तीन गोली चलाई. जिसमें से दो गोली पैर में लगी, जबकि एक गोली गाल को छूते हुए निकल गयी. वहीं जख्मी ठेकेदार को इलाज के लिए बेगूसराय के निजी क्लीनिक ले जाया गया. जहां उसका इलाज चल रहा. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी है। राजेश बदमाशों को धक्का देकर भाग निकलाः जानकारी के अनुसार, राजेश पंजाब में फैक्ट्री के लिए मजदूरों को ले जाने की ठेकेदारी करता है. साथ ही वो जरूरतमंद लोगों को सूद पर कर्ज भी देता था. लेकिन बीती रात करीब आठ बजे के बाद दो बाइक पर सवार चार बदमाश जगमोहरा गांव पहुंचे और ठेकेदार को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने की कोशिश कर रहे थे. लेकिन बाइक पर बैठने के बजाय राजेश बदमाशों को धक्का देकर भाग निकला. उसी दौरान बदमाशों ने उसपर गोली चलाई. जख्मी को लेकर परिजन बेगूसराय में है, जहां इलाज चल रहा है।

## मध्यप्रदेश के गांधीसागर अभयारण्य में चीतों के शिकार की संख्या बढ़ाने के लिए 28 हिरण छोड़े गए



**नई दिल्लीः** मध्यप्रदेश वन विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि गांधीसागर अभयारण्य में चीतों को लाने से पहले शिकार की संख्या बढ़ाने के लिए कुल 28 चित्तीदार हिरण छोड़े गए हैं। इससे श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के बाद यह चीतों का दूसरा घर बन जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि चीतों के लिए शिकार की संख्या बढ़ाने के प्रयासों के तहत 1,250 चित्तीदार हिरण को गांधीसागर अभयारण्य में भेजा जाएगा। इन हिरण को चीतल भी कहा जाता है।

अधिकारी ने बताया, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से अठारह नर और 10 मादा चित्तीदार हिरण लाए गए और उन्हें गांधीसागर में बाड़ वाले क्षेत्र में छोड़ा गया। इसके साथ ही, हमने अब तक गांधीसागर में 434 चित्तीदार हिरण छोड़े हैं, जिनमें 120 नर और 314 मादा शामिल हैं।

अधिकारी ने यह भी बताया कि योजना के तहत केन्या के एक प्रतिनिधिमंडल ने 21 और 22 मई को मंदसौर और नीमच जिलों में फैले गांधीसागर अभयारण्य का दौरा किया।

भारत में 1952 से विलुप्त घोषित किए गए चीतों को महत्वाकांक्षी योजना के तहत सितंबर 2022 और फरवरी 2023 में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से कुनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया था। वर्तमान में कुनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित 24 चीते हैं।



### नीतीश कुमार ने 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों का किया उद्घाटन

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को वीसी के जरिए पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 7160 करोड़ रुपये की लागत की 2615 पंचायत सरकार भवन एवं राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, सोनपुर के भवन का शिलान्यास किया. वहीं सीएम ने 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों, 65 पंचायत सरकार भवन, ई-ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम व जिला परिषद् पोर्टल का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज 2615 पंचायत सरकार भवनों का शिलान्यास किया गया है. हमारा शुरू से ही ह्यपंचायत सरकार भवनह्न बनाने पर जोर है. हमारा विचार है कि पंचायती राज संस्थाओं में वैसी व्यवस्था हो जो राज्य सरकार की होती है. इसलिए हमने इन भवनों को पंचायत भवन न कहकर पंचायत सरकार भवन कहा है।

नीतीश कुमार ने कहा कि हमने प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. कहा कि शुरू में 330 पंचायत सरकार भवन बनाए गए. आज ह्यपंचायत सरकार भवनह्न के शिलान्यास के बाद राज्य के 8053 पंचायत भवनों में से 6858 भवन स्वीकृत कर दिए गए हैं. इनमें से 1548 पूर्ण हो गए हैं एवं शेष निमार्णाधीन हैं. आज के कार्यक्रम में 65 पंचायत सरकार भवनों का उद्घाटन भी किया गया है. कहा कि अब बचे हुए 1195 पंचायत सरकार भवनों के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है। जिला पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में 109321 वार्ड है. जिसमें 1175740 स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य है. आज 3 लाख 75 हजार सोलर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया जा रहा है. अब शेष बचे 8,00,740 स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जा रहा है जिसे मार्च, 2025 तक पूरा करें. पहले की सरकार में कुछ नहीं किया गया. हमने बिजली के क्षेत्र में काफी काम कराया है. हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### लूटपाट मामले के वारंटी अशफाक अंसारी गिरफ्तार

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र में लूटपाट के मामले में फरार वारंटी अशफाक अंसारी को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अशफाक अंसारी, जो कि पकरियो गांव का निवासी है और निजामुद्दीन अंसारी का पुत्र है, पर लूटपाट का आरोप था और वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, न्यायालय के आदेशानुसार वारंटी अशफाक अंसारी के खिलाफ फिर से वारंट जारी किया गया था। इसके तहत चान्हो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पकरियो गांव से उसे गिरफ्तार किया। अशफाक को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया।

### चंपई सोरेन ने सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया



**विनय मिश्रा।** झारखंड के सबसे चर्चित विधानसभा के रूप में ख्याति अर्जित करने वाला सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से आज 1991 से 2019 तक वर्ष 2000 छोड़कर विधायक चुने जाने वाले चपाई सोरेन आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन परचा दाखिल किया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता विनोद श्रीवास्तव के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित हैं गौरतलब होकर पूर्व मुख्यमंत्री बीजेपी की ओर से नामांकन दाखिल कर अपनी जीत को सुनिश्चित बताया वहीं पूर्व मुख्यमंत्री का नामांकन के समय उनके समर्थक और काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### जंगल के कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के बिसाहा खटंगा मुरकुनी जंगल के समीप एक कुएं से गुरुवार को पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों ने कुएं में एक शव को तैरता हुआ देखा और तुरंत इसकी सूचना मांडर थाना को दी। खबर जंगल की आग की तरह फैल गई, और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पाते ही मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से बाहर निकाला गया।

शव की शिनाख्त न हो पाने के कारण, पुलिस ने इसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस अब शव की पहचान के प्रयास और घटना की तहकीकात में जुट गई है।

### ट्रक की चपेट में आई सवारी ऑटो, मांडर कॉलेज की पांच छात्राओं सहित सात घायल

**मांडर।** रांची-डाल्टेनगंज मुख्य मार्ग एनएच 39 पर गुरुवार को मांडर के टांगरबसली रोड के समीप एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक अज्ञात ट्रक ने एक सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण ऑटो पलट गई, जिससे ऑटो चालक सहित उसमें सवार कुल सात लोग घायल हो गए।

घायलों में मांडर कॉलेज की पांच छात्राएं भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। ये छात्राएं हैं प्रीति कुमारी (20), नजया प्रवीण (20), इशरत खातून (19), जूही प्रवीण (20) झ जो सभी मांडर के सकरा गांव की निवासी हैं। इनके अलावा टांगरबसली गांव की गुलशन खातून (22) और ऑटो चालक तबारक अंसारी (45) भी घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, मांडर कॉलेज की ये छात्राएं अपनी परीक्षा समाप्त कर सोसाई आश्रम कॉलेज गेट से ऑटो में सवार होकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान टांगरबसली मोड़ के निकट एक अज्ञात ट्रक ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को मांडर के रेफरल अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद पांच छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। ऑटो चालक तबारक अंसारी की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया।

### तोपचांची में टेंपो से 200 लीटर देसी शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**धनबाद :** तोपचांची थाना पुलिस ने गुरुवार को दो टेंपो से करीब 200 लीटर अवैध देसी (महुआ) शराब जब्त किया। पुलिस ने शराब के अवैध धंधे में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों टेंपो पर गैलन व प्लास्टिक के बोतलों में शरार रखी हुई थी। पकड़े गए दोनों लोग इसे सप्लाई के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों टेंपो को भी जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आएं : शत्रुघ्न महतो

**धनबाद :** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो ने अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने बाघमारा प्रखंड के भंडारीडीह, छाताबाद नंबर 4 , कतरास बाजार, लिलोरी स्थान, सिंदुआरटांड, लुतीपहाड़ी पंचायत के बाघमारा बस्ती आदि जगहों पर जनसंम्पर्क करते हुए आम जनों से मुलाकात की। जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाघमारा विधानसभा में भाजपा ने विकास का जो रथ खींचा है वो इस चुनाव के बाद भी चलता रहेगा। जनता छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आए। कहा कि सिर्फ बाघमारा ही नहीं, पूरे झारखंड में भाजपा जीत का झंडा गाड़ने वाली है। उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य में शांति स्थापित करने एवं सम्पूर्ण विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाएं। राज्य भर में जो अराजकता एवं असुरक्षा की स्थिति पैदा हुई है उससे झारखंड को निकालने की जरूरत है।

इस बीच सांसद ढुल्लू महतो ने शत्रुघ्न महतो के चिटाही स्थित आवासीय परिसर में नए कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आम जनों की सुविधा के लिए कार्यालय को तैयार किया गया है। यहां क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में पहल की जाएगी।

# भारतीय पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी एवं आईजी रह चुके डॉ अरूण उरांव ने किया नामांकन

### श्री उरांव के पिता बन्दी उरांव अविभाजित जिला चाईबासा के एसपी रह चुके हैं









बिनय मिश्रा

डॉ0 अरूण उरांव का नाम सुनते ही कुशल चिकित्सक एवं ऐसे आईपीएस अधिकारी का चेहरा आँखों के सामने तैरने लगता है जो अपने दायित्व और कार्यों के प्रति हमेशा जवाबदेह रहें। उनके बेहतर कार्यप्रणाली हमेशा झारखण्ड को एक बेहतर और सशक्त पहचान भी दी है। डॉ0 अरूण उरांव के हृदय में क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों को समाप्त करने, नक्सलियों को बैकफुट पर भेजने तथा अपनी दमदार कार्यों से जहां भी पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहें। अपने कामयाबी और उपलब्धि एवं सफलता के कारण बेहतर पहचान भी बनायी। ऐसे आईपीएस अधिकारी निश्चित तौर पर जनसेवा से जुड़कर क्षेत्र के लिए कुछ करना चाहते हैं और उनके बेहतर सामाजिक कार्यों को भाजपा ने हमेशा प्रोत्साहित किया और उनके कार्यों को सराहा। इस बार उन्हें सिसई से भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया जो निश्चित तौर पर काफी प्रशंसनीय है। डॉ0 अरूण उरांव विगत कई वर्षों से जनसरोकार और लोगों के साथ जुड़े रहें। यही नहीं उनके द्वारा शिक्षा को निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया गया। रात्रि पाठशाला ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई हेतु निरंतर प्रेरित किया जाना भी इसमें शामिल है। क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की पीड़ा समस्या को सुलझाने के लिए इनके द्वारा निरंतर कार्य किये जाते रहें और इसी का यह सार्थक परिणाम है कि श्री उरांव गुमला जिला में अपनी सशक्त पहचान बनाने में भी सफल रहे हैं। उनरके पिता भी आईपीएस अधिकारी रहें तथा डॉ0 अरूण उरांव को बेहतर कार्य करने की शिक्षा घर से ही मिली और आईपीएस बन्दी उरांव अविभाजित बिहार के समय चाईबासा जिला के पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहें। वर्तमान समय में चाईबासा कोल्हान प्रमंडल के रूप में पहचाना जाता है किन्तु उस समय पुर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसवां ये दोनों जिला चाईबासा के अधीन थें। डॉ0 अरूण उरांव ने आज सिसई विधानसभा क्षेत्र (विधानसभा संख्या-67) के लिए अपना नामांकन किया उनकी सादगी और लोगों के साथ मेल-मिलाप अपनापन और स्नेह देखते ही बना। इसी के फलस्वरूप कहा जा सकता है कि जनता अपने जनप्रतिनिधि के रूप में वैसे व्यक्ति को भी हमेशा तबज्जो दिया करती है जो उनके सुख-दुख और स्नेह का सहभागी होता है।

## शिल्पी नेहा तिर्की और सन्नी टोप्पो ने दाखिल किया नामांकन, समर्थकों का जुटा विशाल जनसमूह



मेट्रो रेज संवाददाता

**मांडर।** मांडर विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने रांची समाहरणालय में अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस मौके पर दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद थे, जिन्होंने पूरे इलाके में चुनावी माहौल को और गरमा दिया।

नामांकन समारोह के दौरान दोनों नेताओं ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। शिल्पी नेहा तिर्की, जो मांडर क्षेत्र से वर्तमान विधायक हैं, ने अपने समर्थकों की भारी संख्या देखकर भावुकता जाहिर की। उन्होंने मांडर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी के अपार समर्थन से मेरा दिल गद-गद है। मैं हमेशा आपकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगी और आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगी। शिल्पी नेहा तिर्की की इस लोकप्रियता ने मांडर विधानसभा क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ को और स्पष्ट कर दिया।

वहीं, भाजपा से पहली बार चुनावी मैदान में उतरे सन्नी टोप्पो के समर्थन में भी भारी भीड़ देखी गई। अपने समर्थकों की उपस्थिति से उत्साहित सन्नी टोप्पो ने कहा, ॠयह मांडर की जनता का प्यार और विश्वास है कि मेरे नामांकन में हजारों लोग शामिल हुए। इससे यह साफ जाहिर होता है कि मांडर की जनता बदलाव चाहती है और विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है।

मांडर विधानसभा सीट पर इस बार का चुनाव बेहद रोमांचक होने की संभावना है। शिल्पी नेहा तिर्की, जिन्हें कांग्रेस ने फिर से टिकट दिया है, मांडर में मजबूत दावेदारी पेश कर रही हैं, जबकि भाजपा ने सन्नी टोप्पो को मैदान में उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। मांडर को परंपरागत रूप से गैर-भाजपा गढ़ माना जाता है, लेकिन 2014 में गंगोत्री कुजूर भाजपा से जीतने वाली एकमात्र विधायक रही हैं, जिससे भाजपा के लिए यह सीट चुनौतीपूर्ण मानी जाती है।

नामांकन भरने के साथ ही मांडर विधानसभा चुनाव का माहौल गरम हो चुका है, और दोनों ही प्रमुख प्रत्याशियों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर चुनावी जंग की शुरूआत कर दी है।

### यहां सिलिंडर ही कमल, सरकार बनी तो अपराधियों की तोड़ेंगे कमर : सरयू राय



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए उम्मीदवार सरयू राय ने गुरुवार को नामांकन दाखिल करने के बाद जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि कहा कि आज से पांच साल पहले वह जमशेदपुर पश्चिमी को जिस हालत में छोड़ कर गये थे, पांच साल बाद भी क्षेत्र की हालत बदतर हो गयी है। मानगो के कई मोहल्लों में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। बिजली का भी यही हाल है। हर वक्त पावर कट होता रहता है। साकची के बोधि मंदिर मैदान में आयोजित नामांकन सभा में सरयू राय ने कहा कि कई लोग भ्रम फैला रहे हैं कि जमशेदपुर पश्चिमी में इस बार कमल नहीं है। वे इस भ्रम में मत रहें। कमल ही यहां सिलिंडर है और सिलिंडर ही कमल है। इसलिए कोई कहे कि यहां कमल नहीं है, तो उसकी बात नहीं मानें। कमल और सिलिंडर एक ही है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि एनडीए की सरकार बनी तो अपराधियों की कमर तोड़ेंगे।

**कदमा और सोनारी खड़े हो गये हैं अपराधिक गैंग**

सरयू राय ने कहा कि इन पांच वर्षों में मोहल्लों में, खास कर कदमा और सोनारी में आपराधिक गैंग खड़े हो गये हैं। गैंग अपराध करते हैं। गोली चलाते हैं, रंगदारी वसूलते हैं। इस गैंग का कुछ होता नहीं। आखिर ऐसा कैसे संभव है, जरूर किसी न किसी बड़े आदमी की शह इन्हें प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जमशेदपुर का प्रशासन सत्ता चलाने वाले लोगों के सामने रेंगता है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इस बार जब एनडीए की सरकार झारखंड में बनेगी, तब इन आपराधिक गिरोह की कमर तोड़ने का काम किया जायेगा। सब पर कानूनी कार्रवाई होगी।

**नामांकन से पहले सरयू राय ने भुवनेश्वरी मंदिर में टेका माथा**

इससे पहले जदयू प्रत्याशी सरयू राय ने नामांकन किया। सरयू राय ने गुरुवार की सुबह टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर (केबल टाउन) बेल्डीह काली मंदिर, बिष्टुपुर गोस्वामी तुलसीदास मंदिर और शीतला मंदिर में पूजा-पाठ किया। इसके उपरांत वह नामांकन दाखिल करने के लिए अपर उपायुक्त के कार्यालय पहुंचे, मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, नित्यानंद सिन्हा, नुपुर चौधरी आदि मौजूद रहे।

**कोल्हान की सभी 14 सीटों पर एनडीए को मिलेगी प्रचंड जीत : मीरा मुंडा**

पोटका विधानसभा प्रत्याशी डॉ मीरा मुंडा ने नामांकन दाखिल के पश्चात साकची के बोधि मैदान में आयोजित एनडीए के नामांकन सभा में कहा कि जनता के उत्साह को देखकर साफ प्रतीत हो रहा है कि पोटका सहित पूरे कोल्हान की 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन प्रचंड वोटों के साथ जीत दर्ज करेगा। वर्तमान की राज्य सरकार ने युवाओं, महिलाओं, आदिवासी समाज को सिर्फ ठग कर अपनी झोली भरने का काम किया है।

## छठ महापर्व पर धनबाद होकर हावड़ा से जम्मू के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी

**धनबाद :** रेलवे ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए धनबाद होकर हावड़ा-जम्मू फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है। इसका फायदा छठ महापर्व पर अपने घर जाने वाले यात्रियों को मिलेगा। ट्रेन नंबर 04608 जम्मू-हावड़ा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन जम्मूतवी से 30 अक्टूबर व 4 नवंबर को तथा ट्रेन नंबर 04607 हावड़ा-जम्मू फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन हावड़ा 1 व 6 नवंबर को चलेगी। ट्रेन नंबर 04608 जम्मू-हावड़ा स्पेशल रात 8।20 बजे जम्मूतवी स्टेशन से खुलेगी और चंड़ीगढ़, अंबाला, बरेली, हरिद्वार, लखनऊ, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गया, कोडरमा होते हुए तीसरे दिन सुबह 7।15 बजे धनबाद पहुंचेगी। यहां से आसनसोल, दुगार्पुर, बर्धवान होते हुए दोपहर 1।20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 04607 हावड़ा-जम्मू स्पेशल हावड़ा से रात 11।45 बजे खुलेगी और दूसरे दिन सुबह 5।15 बजे धनबाद पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर तीसरे दिन दोपहर 3।20 बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी का एक कोच, सेकेंड एसी का एक कोच, थर्ड एसी के 7 कोच व थर्ड एसी इकोनॉमी के 8 कोच होंगे।

### भाजपा प्रत्याशी रवींद्र पांडेय ने बेरमो से किया नामांकन

**बोकारो :** बोकारो जिले के बेरमो विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के तौर रवींद्र कुमार पांडेय ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बेरमो अनुमंडल कार्यालय, तेनुघाट पहुंचकर निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ मुकेश मछुआ के समक्ष नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर एसडीओ कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# दाना तूफान का व्यापक असर, सुबह से ही रही बारिश

मेट्रो रेज संवाददाता

**सरायकेला :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में चक्रवाती तूफान दाना का व्यापक असर देखा जा रहा है। तूफान के प्रभाव के कारण अनुमंडल क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया है। इसके प्रभाव से शुक्रवार सुबह से ही बारिश हो रही है। इसके कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है और सड़कों पर भी अन्य दिनों की अपेक्षा कम वाहन चल रहे हैं। वैसे विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन है। नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन रहने के कारण तूफान के बावजूद राजनीतिक सरगर्मी तेज है। तूफान का असर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर देखा जा रहा है। गुरुवार शाम से रात भर बिजली



गुल रहने के बाद सुबह कुछ देर के लिए बिजली बहाल हुई थी। शुक्रवार सुबह से भी बिजली की आंख मिचौली जारी है।

चक्रवाती तूफान दाना के कारण चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में मौसम का मिजाज गुरुवार से ही बदला हुआ था। गुरुवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हुई। इसके बाद शुक्रवार सुबह से ही बारिश होने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम का मिजाज बदलने के बाद लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास भी होने लगा। क्षेत्र में दिन का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया है। तूफान के कारण सरकार की ओर से एहतियात के तौर पर सभी विद्यालयों को 25 अक्टूबर को बंद रखने का आदेश दिया गया है। वैसे मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार शनिवार को भी बारिश जारी रहेगी। इसके बाद धीरे-धीरे तूफान का असर घटने लगेगा।

### दाना तूफान के कारण स्कूल बंद, ऑनलाइन पढ़ाई शुरू

चाईबासा : चक्रवाती तूफान दाना के मद्देनजर सरकार व प्रशासन ने कोल्हान प्रमंडल के सभी स्कूलों को 25 अक्टूबर को बंद रखने का आदेश दिया है। इस आदेश का पालन करते हुये केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने 25 अक्टूबर को स्कूल बंद कर दिया है, लेकिन गूगल मीट पर शुक्रवार की सुबह 8।30 बजे से ऑनलाइन पढ़ाई जारी है। स्कूल के बच्चे स्कूल ड्रेस पहन घर में बैठ कर मोबाइल पर अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं से अलग-अलग विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य डा आशीष कुमार ने बताया कि दाना चक्रवाती तूफान व प्रशासनिक आदेशों के तहत स्कूल तो बंद रखा गया है, लेकिन बच्चों की शिक्षा प्रभावित नहीं हो इसलिए प्रबंधन ने अपने तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं को ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। केजी से 12वीं तक के छात्र-छात्रायें स्कूल नहीं गये हैं, लेकिन सभी छात्र-छात्रायें ऑनलाइन शिक्षा घर पर रहते हुये प्राप्त कर रहे हैं।